e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 323

**सुविचार**
गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती !

# प्रभात मंत्र

बुधवार
29.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### एसएसपी ने 14 पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड

**रांची:** बीते 25 नवंबर को गोंदा थाना क्षेत्र में पुलिस के जवान जुआ खेलने की सूचना एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली थी। इस मामले में बीस लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें कुछ लोगों को जेल भेज गया। जिसे जेल भेजा गया था वह पुलिस कर्मी नहीं थे। वहीं जो जिला पुलिस बल के पुलिसकर्मी थे उसे थाना से ही बेल दे दिया गया था। इसके दूसरे दिन एस एसपी ने जुआ खेलने और खिलवाने मामले में चौदह पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है।

### पुलिसकर्मी स्वयं तैयार करेंगे अपना रिपोर्ट कार्ड

**चंडीगढ़ :** पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यों का खुद आकलन करेंगे और अपनी रिपोर्ट कार्ड बनाएंगे। इसके लिए आकलन प्रपत्र (एसेसमेंट प्रोफॉर्मा) तैयार करके वितरित कर दिया गया है। इस प्रपत्र में अलग-अलग रैंक के पुलिस कर्मियों के कार्यों को परिभाषित करते हुए मुख्य निष्पादन संकेतक (की परफॉर्मेंस इंडिकेटर) तैयार किए गए हैं। प्रत्येक कार्य को लेकर अधिकारी अथवा कर्मचारी की जवाबदेही तय करते हुए उन्हें अलग से अंक दिए जाएंगे ताकि पुलिस की कार्य प्रणाली को और अधिक बेहतर बनाया जा सके।

### 82 मामलों का आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** द्वारका जिला के जेल बेल सेल की टीम ने सड़क पर सरेआम महिलाओं को टारगेट करके गले से गोल्ड चैन लूटने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रविंद्र के रूप में हुई है, यह ईस्ट सागरपुर झुग्गी बस्ती का रहने वाला है। इसके पास से पुलिस ने छीना गया गोल्ड चेन और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इस पर दिल्ली के कई जिला के दर्जन भर थाना में 82 मामले दर्ज हैं। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि 21 नवंबर को भी डाबरी थाना इलाके में एक महिला से दो स्कूटी सवार झपटमारो ने गोल्ड चेन लूट लिया था। जब वह पैदल अपने घर जा रही थी। उस मामले में एफआईआर दर्ज करके डाबड़ी थाना की पुलिस टीम छानबीन कर रही थी। इस मामले को सुलझाने के लिए जेल बेल सेल की टीम को भी लगाया गया था।

### राम मंदिर के लिए जोधपुर से 11 रथों में 600 किलो घी अयोध्या रवाना

**जोधपुर :** अगले साल जनवरी में अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। रामलला की पहली आरती के लिए जोधपुर से छह सौ किलो घी भेजा गया है। मंगलवार सुबह प्रतापनगर स्थित डऊकिया हॉस्पिटल के पीछे भारत माता मंदिर विश्व हिंदू परिषद के ऑफिस से घी से भरे कलश लेकर यह रथ रवाना हुए। रथों को रवाना करने से पहले घी के कलशों की आरती की गई। इस दौरान राम भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। यह घी बनाड़ स्थित श्रीश्री महर्षि संदीपनी राम धर्म गौशाला से आया है।

### राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के तहत कई भाषाओं की 5,000 से अधिक फिल्मों को डिजीटल प्रारूप में किए जाएंगे संरक्षित

**नई दिल्ली :** राष्टीय फिल्म विरासत मिशन के तहत कई भाषाओं की 5,000 से अधिक फिल्मों को चार हजार से अधिक डिजिटल प्रारूप में संरक्षित किया जाएगा। मंगलवार को 54वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिल्म महोत्सव उल्लेखनीय और अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा रहा है जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माण का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ उन्होंने फिल्म महोत्सव में सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने के लिए प्रसिद्ध फिल्म व्यक्तित्व माइकल डगलस को बधाई दी। समापन समारोह में अपने वीडियो संदेश में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 54वां संस्करण विविधता में एकता का उत्सव था, जो वसुधैव कुटुंबकमः एक पृथ्वी, एक की भावना का प्रतीक है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 25⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

**उत्तराखंड : सिलक्यारा टनल में फंसे सभी मजदूरों को मिली नई जिंदगी**

# सुरंग से बाहर निकले श्रमिक

*** सीएम धामी ने माला पहनाकर किया श्रमिकों का स्वागत**



एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया. रेस्क्यू टीमों ने रैट होल माइनिंग और सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग की. मजदूरों को एक पाइप के जरिए निकालने की प्रक्रिया शुरू हुई. बाहर निकल चुके मजदूरों का हेल्थ चेकअप किया गया. सबसे पहले 5 मजूदरों को बाहर निकाला गया. इसके बाद से अन्य मजुदरों को निकाला गया. सुरंग से जिंदगी की जंग जीत कर बाहर आए पहले बैच के पहले मजदूर को उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने माला पहनाकर स्वागत किया. उन्होंने सभी रेस्क्यू मजूदरों से मुलाकात की. उनका हालचाल जाना. इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे.

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रमिकों और रेस्क्यू अभियान में जुटे हुए कर्मियों के मनोबल और साहस की जमकर सराहना की है. सीएम धामी ने बाहर निकाले जा रहे श्रमिकों के परिजन से भी मुलाकात की.

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव तक निर्माणाधीन सुरंग के अंदर भूस्खलन होने से दिवाली पर बड़ा हादसा हो गया। सुरंग के सिलक्यारा वाले मुहाने के पास सुरंग का 60 मीटर हिस्सा टूट गया। जिससे सुरंग में मलबा आने के कारण 41 मजदूर सुरंग के अंदर फंस गए। घटना की सूचना पर निर्माण एजेंसी के साथ पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ व आपदा प्रबंधन विभाग की टीम को मौके पर बचाव कार्य में लगाया गया। उधर घटना वाले दिन ही सिलक्यारा टनल हादसे के अपडेट और सहायता के लिए हेल्पलाइन जारी कर दी गई.

### सुरंग में फंसे मजदूरों के लिए वरदान बनी रैट होल माइनिंग

उत्तरकाशी की निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में 17 दिन से फंसे 41 श्रमिकों के लिए मंगलवार का दिन अहम साबित हुआ। बचाव अभियान में लगी टीम को आज सफलता मिल गई। फंसे मजदूरों को निकालने के लिए रैट माइनिंग पद्धति द्वारा सुरंग के अंदर मैन्युअल ड्रिलिंग की गई। रैट माइनर्स द्वारा यह ड्रिलिंग 57 मीटर तक की गई।

### सीएम धामी ने श्रमिको व रेस्क्यू टीम की सराहना की

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बाहर निकाले गए श्रमिको से मुलाकात की. केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी वहीं मौजूद रहे.मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रमिकों और रेस्क्यू अभियान में जुटे हुए कर्मियों के मनोबल और साहस की जमकर सराहना की. बाहर निकाले गए श्रमिकों के परिजन भी टनल में मौजूद रहे. टनल से बाहर निकाले गए श्रमिकों की प्रारंभिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण टनल में बने अस्थाई मेडीकल कैंप में किया गया. सुरंग से बाहर निकाले गए श्रमिकों का सीएम धामी और केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने स्वागत किया.

# पाकुड़ : मलेरिया प्रभावित गांव पर प्रशासन की पैनी नजर

**डॉक्टरों की टीम कर रही कैंप, किया जा रहा है दवा का छिड़काव : उपयुक्त**



मकसूद आलम @ प्रभात मंत्र

**पाकुड़ :** लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुटलो गांव पर जिले के डीसी मृत्युंजय कुमार बरनवाल की पैनी नजर है।

इस गांव में मलेरिया से पांच बच्चों की मौत मामले में प्रशासन गंभीर है।मलेरिया नियंत्रण के लिए हर तरह का प्रयास किया जा रहा हैं। उपायुक्त ने कहा कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई है। प्रभावित गांवों में मरीजों का इलाज किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बड़ा कूटलो गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सर्वे किया गया। सिर्फ बड़ा कूटलो ही नहीं,आसपास के गांवों में भी सर्वे किया गया है। इस दौरान पाए गए पॉजिटिव मरीजों का जांच कर इलाज भी किया जा रहा है।उपायुक्त ने कहा कि सभी पॉजिटिव मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। अभी सारे पॉजिटिव मरीज स्वास्थ्य हैं। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने कहा कि गांवों में ग्रामीणों को जागरूक करने का भी काम किया जा रहा है।

मलेरिया के फैलने या ग्रसित होने के कारण और बचाव के बारे में बताया जा रहा है। लोगों को साफ-सफाई और रहन-सहन के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रचार प्रसार का भी काम हो रहा है। प्रचार प्रसार के माध्यम से बताया जा रहा है कि मलेरिया का इलाज की निःशुल्क व्यवस्था है। अगर किसी को बुखार की समस्या है, तो तुरंत जांच कराएं और निःशुल्क इलाज का लाभ लें। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने कहा कि पॉजिटिव मरीज के मन में जो डर का माहौल बना हुआ था, उसे दूर करने का काम भी किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि मलेरिया पर नियंत्रण के लिए सबसे पहले मच्छरों के पनपने पर अंकुश लगाने की दिशा में काम चल रहा है। इसके लिए जल जमाव को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा जलाशयों में केमिकल से पानी को साफ करने का काम हो रहा है। ताकि मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के लावा को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में स्प्रे या छिड़काव का काम भी चल रहा है। इसके लिए 40 से 45 दिन का वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि पहाड़िया गांव में संपर्क पथ का अभाव है। इसलिए उन गांवों का सर्वे कराया गया है। जिन गांवों का संपर्क पथ नहीं है, वहां सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि लोगों में मलेरिया के फैलने के कारण और बचाव की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

इसलिए आम जनों से अपील है कि एक दूसरे से जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर मलेरिया के कारणों और बचाव की जानकारी लेकर आसपास के लोगों को भी जानकारी दें। मलेरिया या मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए एक दूसरे का सहयोग बेहद जरूरी है।

**उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने कहा कि पॉजिटिव मरीज के मन में जो डर का माहौल बना हुआ था, उसे दूर करने का काम भी किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि मलेरिया पर नियंत्रण के लिए सबसे पहले मच्छरों के पनपने पर अंकुश लगाने की दिशा में काम चल रहा है।**

# आप एक ही अफसर का सेवा विस्तार क्यों चाहते हैं?

*** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में मुख्य सचिव की नियुक्ति पर केंद्र से पूछा सवाल**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में नए मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने मुख्य सचिव की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया है.सीजेआई ने केंद्र से कहा कि कौन से शक्ति के आधार पर आप मुख्य सचिव को सेवा विस्तार दे रहे हैं. नरेश कुमार को सेवा विस्तार देने का अधिकार है क्या ? सीजेआई ने आगे कहा कि नरेश कुमार रिटायर हो रहे हैं. आपके पास मुख्य सचिव की नियुक्ति का अधिकार है. तो आप एक ही अफसर का सेवा विस्तार क्यों चाहते हैं ? आप जिसे चाहें नया मुख्य सचिव नियुक्त कर सकते हैं. हम किसी भी आईएएस को नया मुख्य सचिव नियुक्त कर सकते हैं. सुनवाई के दौरान सीजेआई ने आगे कहा कि सेवाओं को लेकर एक कानून मौजूद है. उस कानून को हमने स्टे नहीं किया है.इस तरह केंद्र के पास इस कानून के तहत नियुक्ति का अधिकार मौजूद है. बता दें कि दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार 30 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं. ऐसे में अब इस मामले में अगली सुनवाई 29 नवंबर यानी बुधवार को होगी.दिल्ली के चीफ सेकेट्री की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार ने भी कोर्ट में अपना पक्ष रखा. केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने कोर्ट को कहा कि फिलहाल सीमित समय के लिए मौजूदा चीफ सेकेट्री नरेश कुमार का कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं. हालांकि,दिल्ली सरकार ने इसका विरोध किया. दिल्ली सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि पिछली बार सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से आईएएस अफसरों के नाम मांगे थे. इनमें से दिल्ली सरकार को एक नाम चुनना था.लेकिन अब केंद्र सेवा विस्तार की बात कह रहा है.

**लोहरदगा के चीरी, कुडू में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार समारोह में शामिल हुए सीएम**

# तीन कमरों का आवास देगी राज्य सरकार : हेमंत



**कुल 133 करोड़ की 21 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास, 80, 208 लाभुकों के बीच हुआ 132 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार अभियान का यह तीसरा चरण है। अभियान में शामिल होने के लिए आज लोहरदगा आया हूं। राज्यवासियों के द्वार तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का यह लगातार तीसरा साल है। यह आदिवासी - मूलवासी की सरकार है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री लोहरदगा के चीरी कुडू में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके गांव, पंचायत में हमने पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांधकर भेजने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने कभी गांव, गरीब, किसान सहित आम जनता की सुध लेने का काम नहीं किया। हमें यहां की जड़ों को मजबूत करना है। जड़ यहां के किसान, श्रमिक, नौजवान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब पांच वर्ष उम्र के दिव्यांग को भी पेंशन देगी।

**ग्राम गाड़ी योजना का मिलेगा लाभः** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अहर्ता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है, जिसमें वृद्ध, आंदोलनकारी समेत अन्य को निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी। ताकि ये भी शहर से जुड़ सकें।

**मिलेगा वन पट्टा, खेल और खिलाड़ियों को मिल रहा बढ़ावाः** मुख्यमंत्री ने कहा -वनों पर निर्भर रहने वालों को वन पट्टा देने हेतु अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान चलाया जा रहा है। ताकि, अहर्ता प्राप्त लोगों को वन पट्टा दिया जा सके। इस अभियान को हमें पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा- खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। देश में पहली बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का साक्षी झारखण्ड बना। आपकी सरकार ने खिलाड़ियों को मिलने वाली सम्मान राशि में बढ़ोत्तरी की है। साथ ही, खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी मिली है।

**बेहतर कार्य कर रही है हेमंत सरकारः धीरजः** प्रसाद साहू राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर कार्य रही है। कोरोना के समय बेहतरीन कार्य सरकार ने किया तो पूरे देश में झारखण्ड का लोहा हर किसी ने माना। सरकार के अच्छे कार्यों की चर्चा सभी ओर हो रही है। आनेवाले वर्षों में वर्तमान राज्य सरकार और बेहतर कार्य करेगी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** मौके पर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, गुमला विधायक भूषण तिर्की, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त लोहरदगा,आरक्षी अधीक्षक लोहरदगा एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आधुनिक राज्य की आधारशिला है जरुरतमंदों तक कानूनी सहायता पहुंचाना : राष्ट्रपति



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है ताकि न केवल उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके, बल्कि जरूरत पड़ने पर उन्हें कानूनी सहायता दिलाने में भी मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरुकता अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों और सामाजिक रूप से वंचित समूहों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि इस धारणा को दूर किया जा सके कि न्याय अमीरों के लिए होता है।राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार को नई दिल्ली में कानूनी सहायता तक पहुंचः वैश्विक दक्षिण में न्याय तक पहुंच को मजबूत करना विषय पर पहले दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय किशन कौल और केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाना किसी भी आधुनिक राज्य की आधारशिला है। यह एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो न्यायसंगत, उचित और विश्वास के योग्य हो। इस सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के 69 अफ्रीका-एशिया-प्रशांत देशों की भागीदारी न्याय और समानता की हमारी सामूहिक खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।उन्होंने कहा कि समानता न केवल न्याय की नींव है, बल्कि न्याय की एक आवश्यक शर्त भी है। बहुत समय हो गया जब दुनिया ने यह घोषणा की कि सभी मनुष्य समान हैं, लेकिन हमें खुद से पूछने की ज़रूरत है कि क्या हम सभी को न्याय तक समान पहुंच प्राप्त है।

### रामगढ़ : सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**मांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप हजारीबाग की ओर से आ रहे तेज गति से स्विफ्ट डिजायर कार ने एक दो पहिया वाहन सवार नंदलाल मांझी व दिल्लू मांझी को जोरदार टक्कर मारी। जिससे दोनों व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।वहीं दूसरी घटना एक बलेनो ने रोड पार कर रहे गिरधारी साव 72 वर्षीय मांडू डी निवासी को अपने चपेट में ले लिया। जिससे उनकी मौत हो गई।



## संक्षिप्त खबरें

### रिम्स के विभिन्न विभागों में इंजीनियरों की होगी बहाली

**रांची:** रिम्स में व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में अब अस्पताल के अलग-अलग विभागों में इंजीनियरों का बहाली की जा रही है। जिससे कि विभागों की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। बता दें कि हॉस्पिटल में सिविल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के लिए आवेदन मांगे गए है। जिनकी ड्यूटी रिम्स में 24 घंटे होगी। किसी भी तरह की परेशानी होने पर ये लोग समस्या का समाधान करवाएंगे। वहीं योजनाएं बनाने की जिम्मेवारी भी इन अधिकारियों की होगी। अस्पताल में सिविल वर्क के लिए पीडब्ल्यूडी को जिम्मा दिया गया है। ये लोग योजनाएं बनाते है और काम चलता रहता है। लेकिन कई बार काम में देरी होती है। ऐसे में रिम्स के पास अपना इंजीनियर होने से काम में तेजी आएगी। वहीं छोटे-मोटे काम के लिए विभाग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इतना ही नहीं काम की देखरेख भी ढंग से हो सकेगी।

### रिम्स में इलाजरत टीएसपीसी के एरिया कमांडर की मौत

**रांची :** पलामू सेंट्रल जेल के कैदी प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर किसलय सिंह की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। किसलय सिंह पलामू के मनातू का रहने वाला था। किसलय सिंह पिछले कई दिनों से बीमार था। वह पैरालाइज्ड हो गया था। उसे बीपी की भी समस्या थी। बताया जाता है कि तबीयत खराब होने के बाद उसे एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया था। बाद में एमएमसीएच क डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया था। अब रिम्स में इलाज के क्रम में किसलय सिंह की मौत हो गयी है। पलामू सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने मंगलवार सुबह मौत की पुष्टि की है। रिम्स में ही उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा, जिसके बाद उसका शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

# डीसी राहुल कुमार ने किया रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन

**कुल 18 टीमों के द्वारा सभी चयनित स्कूलों में 8230 बच्चों की जाँच एफटीएस कीट से की जानी है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची डॉ. प्रभात कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, मिथलेश केरकेटा, जिला भी. बी.डी पदाधिकारी, जिला भी. वी. डी. सलाहकार, एफ एल ए , जिला आर.सी. एच पदाधिकारी, जिला कुष्ठ पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं डब्लू एच ओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।जानकारी हो की फाइलेरिया विलोपन हेतु रांची जिले के 10 सीएचसी सहित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में Transmission Assessment Suavey कार्यक्रम मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत रांची जिले के चयनित विद्यालयों कक्षा 1 एवं 2 में अध्ययनरत बच्चों का FTS कीट से जाँच की जानी है के लिए 313 स्कूल एवं 8230 बच्चे कक्षा 1 एवं 2 में अध्ययनरत चयनित हैं जिसमें सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय शामिल हैं। कुल 18 टीमों के द्वारा सभी चयनित स्कूलों में 8230 बच्चों की जाँच FTS कीट से की जानी है। सभी चयनित स्कूलों में जाँच हेतु अभिभावकों की अनुमति प्रदान करने के लिए सहमति पत्र दिया जाएगा। जाँचोपरांत बच्चों को बिस्किट एवं केक भी दिया जाना है। जांचोपरांत धनात्मक पाये गये बच्चों को मानक के अनुसार दवाईयां दी जायेगी। उक्त गतिविधि के लिए प्रत्येक केन्द्रों में रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया हैं। कार्यक्रम के दौरान दैनिक प्रतिवेदन जिला को भेजना सुनिश्चित किया गया है ताकि जिला स्तर से उच्चाधिकारियों के द्वारा अनुश्रवण किया जा सके। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा निर्देश देते हुए कहा की अपने क्षेत्र के चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं SMC के सदस्यों के साथ फाइलेरिया संबंधी बैठक कर जागरूक करेंगे ताकि शत प्रतिशत बच्चों की जाँच की जा सकें।

# दो मासूम बच्चे को ट्रैफिक पुलिस की पहल से परिजन को सौंपा गया

**कई लोगों ने ट्रैफिक पुलिस दामोदर का सराहनीय कार्य के लिए बधाई दिए। मुख्य रूप से हाजी साउद, बुलंद, औरंगजेब खान, परवेज कुरैशी ने भी बधाई दी।**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** दो छोटे-छोटे बच्चे मासूम बच्चे जिसकी उम्र लगभग 3 साल और साढे चार साल का होगा। वह किसी तरह से कांटा टोली चौक में अपने मां-बाप से बिछड़ गया।शाम करीब 6:00 बज रहा होगा, बच्चे काफी रोने लगा। यह देखकर कांटा टोली चौक ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस दामोदर ने दोनों मासूम बच्चों को अपने पास ले गए । उससे पूछताछ की लेकिन बच्चे बहुत कुछ बताने में असमर्थ थे । दोनों का फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दिया। इस फोटो को पत्रकार परवेज कुरैशी द्वारा कांटा टोली एरिया के अपने व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दिया ।

तभी मौलाना आजाद कॉलोनी और उसके आसपास मस्जिदों में ऐलान किया गया बच्चा गुम हो गया । लेकिन जैसे ही बस्ती के लोगों ने व्हाट्सएप ग्रुप में देखा तो फोन करके जानकारी प्राप्त की। परवेज कुरैशी द्वारा बता दिया गया , कि कांटा टोली चौक में ट्रैफिक पुलिस दामोदर के पास दोनों बच्चे सुरक्षित है।

तभी मौलाना आजाद कॉलोनी के गली नंबर 10 के परिजन अपने बच्चों से मिलने वहां गए और बच्चे को सकुशल अपने साथ लेकर अपने घर लौट आए। इस मौके पर कई लोगों ने ट्रैफिक पुलिस दामोदर का सराहनीय कार्य के लिए बधाई दिए। मुख्य रूप से हाजी साउद, बुलंद, औरंगजेब खान, परवेज कुरैशी ने भी बधाई दी।

## मजदूरों- किसानों का तीन दिवसीय महापड़ाव कार्यक्रम संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय नेता अवधेश कुमार ने कहा कि आगे और बड़े संघर्ष के संकल्प के साथ मजदूरों एवं किसानों का तीन दिवसीय महापड़ाव मंगलवार को संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि देश के आम जनता के जीवन और आजीविका के साथ-साथ जनता के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, सद्भावपूर्ण जीवन पर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ किसान-मजदूर के संयुक्त बैनर तले 26 से 28 नवम्बर तक राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महापड़ाव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कुमार ने कहा कि मजदूर विरोधी लेबर संहिताओं को समाप्त करने, किसानों के लिए वैधानिक एमएसपी सुनिश्चित करने , विनिवेश और एनएमपी के प्रयासों को समाप्त करने, बिजली संशोधन विधेयक और नई शिक्षा नीति वापस करने, अनौपचारिक क्षेत्र के कामगार , पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क कम करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रचार चलाया गया । किसान सभा के महासचिव सुरजीत सिन्हा ने कहा कि राजभवन रांची के समक्ष आयोजित महापड़ाव कार्यक्रम में किसानों के अलावा , कोयला, इस्पात, तांबा, बॉक्साइट माईका, इंजीनियरिंग, अभ्रक, विद्युत, परिवहन, निर्माण, सेल्स प्रमोशन, बीड़ी उद्योग, सहित बड़ी संख्या में परियोजना कर्मी, गिग वर्कर , ठेका एवं आउटसोर्सिंग मजदूर शामिल हुए।

# अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी में भारी मात्रा में शराब बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। उत्पात विभाग से मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार देर रात कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सुकुरहुटू के पास एसटीएफ के सहयोग से छापेमारी की।



इस दौरान एक टाटा 407 पिकअप वाहन (जेएच 01- बीआर 5148) की तलाशी के क्रम में अवैध विदेशी शराब ओल्ड मोंक और ब्लैक टाइगर व्हिस्की का 3000 बोतल कुल 2250 लीटर जब्त किया गया। घटनास्थल से अभियुक्त वाहन से कूद कर भाग निकले, जिनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक ललित सोरेन, पंकज कुमार रूपेश कुमार उत्पाद सिपाही और सशस्त्र बल शामिल थे।

## केनरा बैंक ने 118वें संस्थापक दिवस पर लॉन्च किया नया उत्पाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 118वें संस्थापक दिवस के अवसर पर, केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. सत्यनारायण राजू ने ग्राहकों के लिए निम्नलिखित नए उत्पादों एवं सेवाओं को शुरू (लॉन्च) किया -कॉरपोरेट aiv / Corporate aiv - बैंक के कॉरपोरेट ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करेगा, जो कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग और 'Canara aiv Corporate' ऐप के माध्यम से परस्पर बैंकिंग लेनदेन कर सकते हैं। व्हाट्सएप बैंकिंग चैनल / Whatsapp Banking Channel - 9076030001 पर Hi / Hello संदेश भेजकर ग्राहकों को 18 सेवाएं प्रदान करता




है जैसे बकाया पूछताछ, लघु विवरण / मिनी स्टेटमेंट आदि। केनरा यूपीआई 123/ Canara UPI vwx Pay - फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए एक IVR आधारित UPI समाधान है। किसी भी बैंक के खाताधारक अंग्रेजी सहित 10 भारतीय भाषाओं में इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# शहिद अल्बर्ट का चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शहिद अल्बर्ट का चौक पर यातायात को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है और सभी को हिदायत दी जाती है कि वह सड़क पर फुटपाथ दुकान, ठेला,खोमचा वगैरह ना लगाएं जुर्माना भी काटा जाता है , सामान भी जप्त किया जाता है , बावजूद इसके इन लोगों में सुधार होता नहीं दिख रहा है। मंगलवार को यातायात पुलिस उपाधीक्षक जीतवाहन उरांव



जब शहिद अल्बर्ट का चौक पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि फिर से कपड़ा दुकानदार, फुटपाथ पर रेलिंग पर लगाकर बेच रहे हैं, वही ठेला खोमचा से भी सफेद लाइन के बाहर है तो उन्होंने तुरंत पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया और अभियान चलाने को कहा । यातायात पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि हमेशा एक ही बात को बार-बार बताने से भी इन लोगों को समझ में नहीं आती है जोर जबरदस्ती होने पर फिर कहेंगे कि पुलिस प्रशासन जो जबरदस्ती कर रही है। कई बार समझाया गया है कि वह फुटपाथ पर दुकान , ठेला, खोमचा सफेद लाइन के अंदर लगाये। बावजूद इसके लोग सुन नहीं रहे हैं । यदि यही हाल रहा तो फिर से एक बार अभियान चलाने की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस जो चौक चौराहों पर तैनात हैं उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुड़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का उद्घाटन मैच ग्रुप, का जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा बनाम फुटबॉल क्लब आनंदी के के बीच खेला गया। जिसमें जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि राजेश कश्यप खिजरी विधायक विशिष्ट अतिथि कमिश्नर मुंडा जिला परिषद पश्चिमी ओरमांझी आशीष साहू भाजपा युवा दस्तक



अध्यक्ष ओरमांझी विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस तुलसी खरवार हरिमोहन महतो रवि साहू सुरेश साहू संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किये। सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किए भूमित 11 बेलवा टोली एवं डायमंड क्लब रांची। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में चंदेश्वर कुमार एवं दूसरा मैच में पवन करमाली को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रदेव मुंडा सेवाराम महतो रामप्रसाद धर्मनाथ मुंडा मोहन बेदिया रामदयाल गंझू आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह जयवीर बेदिया नकुल बेदिया अजय गंझू प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा शंकर मुंडा सत्य सिंह भरत मुंडा नितेश पाहन प्रीतम सिंह विकास मुंडा एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

# सरकार की अनदेखी के कारण 4401 उर्दू शिक्षक के पद 23 वर्षों से खाली : एस अली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उर्दू शिक्षक के विभिन्न पदों पर बहाली शुरू करने एवं उर्दू भाषा से जुड़े मांगों को लेकर आज आमया संगठन के द्वारा राजभवन के समक्ष महाधरना दिया गया। महाधरना में सैकड़ों लोग हाथों में तख़्ती लिए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते दिखे। इस अवसर पर महाधरना के नेतृत्व कर रहे एस अली ने कहा कि वर्ष 1999 में बिहार शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक एवं मध्य विधालय जहां 10 उर्दू भाषी छात्र पढ़ते है उन विधालयों में उर्दू शिक्षकों बहाली हेतु 4401 उर्दू शिक्षक के पद सृजित किए गए थे लेकिन शिक्षा विभाग के गलत नियमवली के कारण आज भी 3700 उर्दू शिक्षक के पद खाली है जिसे इंटर एवं स्नातक टेट उत्तीर्ण से भरने की पहल नही हो रही है, वही उक्त पद में 1526 एसटी एससी आरक्षित पद है जिसे पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के कोटे में समाहित किया जाना चाहिए था चूंकि चार बार निकले विज्ञापन में आरक्षित वर्ग से एक भी आवेदन नही मिला। पिछले वर्ष 2022 में शिक्षा विभाग ने बिना समुचित जांच किए 543 उर्दू प्राथमिक एवं मध्य विधालय का स्टेटस छीना कर सामान्य विधालय बना दिया और शुक्रवार की छुट्टी समाप्त कर दी। राज्य में 635 +2 विधालय के लिए मात्र 92 उर्दू शिक्षक के पद दिए जा रहे है जबकि छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार 300 से अधिक उर्दू शिक्षक के पद होनी चाहिए। हाईस्कूल शिक्षक बहाली में वर्ष 2017 के विज्ञापन के विपरित जाकर शिक्षा विभाग और जेएसएससी ने शैक्षणिक योग्यता निर्धारित कर दिया जिसके कारण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद हाईस्कूल में उर्दू शिक्षक बहाली में अभियार्थी न्युक्ति से वंचित रह गए। सरकार के संकल्प 1278 वर्ष 2003 के अनुसार प्रारम्भिक उर्दू विधालयों में मातृभाषा में शिक्षा एवं किताबें देनी है लेकिन उससे वंचित किया जा रहा।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी पहुंचे रांची

**रांची :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह और बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी सेवा विमान से मंगलवार को पटना से रांची पहुंचे। जदयू नेता दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे हैं। उनकी 29 नवम्बर को प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित प्रदेश जदयू के वरीय नेताओं के साथ बैठक है। एयरपोर्ट पर जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, डॉ विनय भरत, निर्मल सिंह, अख्तर हुसैन, वैद्यनाथ पासवान, रामजी प्रसाद, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

# 29 करोड़ की लागत से चार सड़कों व दो पुलों का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आजादी के 75 साल बाद ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहली बार सांसद संजय सेठ की पहल पर छोटा चुनचुरिया से ईचागढ़ तक 8 करोड़ 1 लाख की लागत से सड़क और पुल निर्माण को स्वीकृति मिली है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मिली इस स्वीकृति को सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद बताया है। आज सांसद सेठ ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपरोक्त योजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि 75 वर्षों का कार्यकाल और सरकार गांव तक नहीं पहुंच सकी, यह इस देश का दुर्भाग्य है। सौभाग्य यह है कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश के गांव से लेकर शहरों तक सड़कों का जाल बिछाया है, वह ऐतिहासिक है। आज यहां के ग्रामीण हृदय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं। धन्यवाद कह रहे हैं। आशीर्वाद दे रहे हैं। इस अवसर पर संसद ने कुल 29 करोड़ की लागत से चार अन्य योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें प्रमुख रूप से रुगड़ी से पाड़ाडीह तक सड़क और पुल निर्माण (कुल लंबाई : 9.15 किमी, कुल लागतः 9 करोड़ 33 लाख); टीकर से तिरुलडीह तक सड़क निर्माण (कुल लंबाई : 6.20 किमी, कुल लागत :4 करोड़ 83 लाख); टीकर से पातकुम तक सड़क निर्माण (कुल लंबाई : 8.87 किमी, कुल लागत : 7 करोड़ 3 लाख) शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों और बड़े पुलों का निर्माण, यह बताने के लिए काफी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न सिर्फ शहरी विकास बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास के लिए भी गंभीर हैं। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इस देश को पिछड़ेपन की तरफ धकेलने का काम किया है। यही वजह है कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में चलने के लिए सड़के नहीं है। बरसात में लोगों का आवागमन ठप हो जाता है। सांसद ने कहा कि बहुत जल्द ही इस क्षेत्र को और भी कई योजनाओं की सौगात दी जाएगी।

# ईडी ने साहिबगंज एसपी से की लंबी पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आखिर ईडी का दो समन मिलने के बाद अवैध खनन मामले में साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंचे। ईडी वहां उनसे साहिबगंज को 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले और इसी मामले के ईडी के महत्वपूर्ण गवाह विजय हांसदा को प्रभावित किये जाने के सम्बंध में पूछताछ कर रही है। बता दें की ईडी ने पूछताछ के लिए नौशाद आलम को 22 नवंबर को रांची स्थित जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था, लेकिन उस दिन वह उपस्थित नहीं हो सके। इसलिए ईडी ने मंगलवार का दिन फिर से निर्धारित किया। ईडी के महत्वपूर्ण गवाह विजय हांसदा को लेकर एससी सवाल करने वाली है। विजय हांसदा ईडी के सामने दो बार अवैध खनन मामले में दो बार गवाही दे चुका है, उसके बाद वह गवाही से मुकर गया। यहां यह भी बताना जरूरी है कि विजय हांसदा बिना ईडी के समन के ही ईडी कार्यालय गवाही देने पहुंच गया था। यह मामला 1000 करोड़ रुपये से



अधिक के अवैध खनन से जुड़ा हुआ है। जिसमें पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, बच्चू यादव, पशुपति यादव व कृष्णा साहा का ट्रायल चल रहा है। साहिबगंज के अवैध खनन मामले में ईडी तो जांच कर ही रही है, अब इसमें सीबीआई की भी एंट्री हो गयी है।

सीबीआई ने नींबू पहाड़ पर चल रहे अवैध खनन मामले में 20 नवम्बर को प्राथमिकी दर्ज की थी। इस मामले में सीबीआई के डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह को इस केस का आईओ बनाया गया है।खबर लिखे जाने तक एसपी नौशाद आलम से पूछताछ जारी था।

## रांची के दो वार्डों में 73 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से निगम के दो वार्ड में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड नंबर पांच और वार्ड नंबर छह में शिविर का आयोजन किया गया। दोनों शिविरों में कुल 73 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने मंगलवार को बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।



## द्वार पहुंची सरकार को तुमांग के लोगों ने दिए आवेदन, बंटी परिसंपत्तियां

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के तुमांग पंचायत अंतर्गत करकट्टा बस्ती में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने की. द्वार पर पहुंचे सरकार के प्रतिनिधियों को तुमांग के लोगों ने संबंधित आवेदन दिए. इनमें प्रखंड व अंचल दोनो से संबंधित आवेदन थे. कई आवेदन का निष्पादन तत्काल वहीं कर दिया गया.वहीं कई आवेदन को आगे की कारवाई के लिए अग्रसारित किया गया. पूर्व के 75 जाति व 66 आय संबंधी आवेदन का निष्पादन करते हुए शिविर में प्रमाण पत्र दिया गया. मनरेगा संबंधी आवेदनों का भी शिविर में ही निष्पादन कर दिया गया. 58 जाब कार्ड व 10 नए कार्यों का आबंटन किया गया.15वें वित्त आयोग के तहत 48 नई योजनाएं स्वीकृत की गई. इसके अलावा 100 आयुष्मान कार्ड सहित कई आवेदनों का निष्पादन किया गया. वहीं धोती, साड़ी, कंबल आदि का वितरण किया गया. आयोजन में विभागीय प्रतिनिधियों में कमलकांत वर्मा, डा. प्रतिमा कुमारी, बीपीओ विनयकुमार गुप्ता, आदित्यनाथ झा, गोपालराम दास, असित कुमार, रमेश गुप्ता, सर्वरीनाथ चौरसिया, दीपांकर कुमार, अजितकुमार सिन्हा, मुखिया संतोषकुमार महली, जया कुमारी, डा रविन्द्र कुमार, सुमित कुमार, झामुमो नेता अनिलकुमार पासवान, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी आदि उपस्थित थे.

## असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**जीप सदस्य शाल्या परवीन व मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी की ओर से लगातार असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा .जीप सदस्य शाल्या परवीन ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है ठंड को देखते हुए खलारी पूर्वी क्ष्रेत्र में कंबल का वितरण कर रही है.शाल्या ने बताई की अभी तक एक हजार जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका हैआगे भी जरूरतमंदों को कंबल दिया जाएगा.इस दौरान ग्रामीणों के समस्या से अवगत हुए साथही लोगों से पंचायत स्तर पर होंने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने का भी बात कही .इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पांडेय,पंचू उरांव,विकास लोहरा शामिल थे.

## पायोनियर बीज कंपनी ने मेगा प्रदर्शनी का किया आयोजन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रखंड के जयडीहा में पायोनियर कंपनी की ओर से मेगा फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पायोनियर बीज कंपनी के अधिकारी सफलदीप तिर्की ने गांव के किसानों का फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम किया गया। जिसमें गांव के सैकडों किसानों ने भाग लिया। जिसमें धान की बीज पायोनियर 27 पी 37 की लंबी बाली व ज्यादा दाने होते हैं। जिससे किसानों को अधिक लाभ मिल सकता है। जिससे अन्य धानो की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है। प्रखंड के प्रतिनिधि सुजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि पायोनियर बीज कंपनी में धान की फसल लगाकर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। और अधिक पैदावार कर सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से कैलाश महतो, अशेश्वर महतो, अशोक ठाकुर, बिनोद ठाकुर, उषा देवी, गीता देवी, रीता देवी, शोभाराम महतो आदि उपस्थित थे।

## पुलिस के दो वाहनों में हुई टक्कर, दो घायल

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के ह॥ 39 मदरसा चौक मुस्कान मोबाइल सेंटर के समीप दो पुलिस वाहनों की हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गए बताया जा रहा है कि पुलिस की एक बस आगे चल रही थी तभी अचानक बस के द्वारा ब्रेक मारे जाने के कारण दूसरा पुलिस का ट्रक बस के पीछे जा टकराया जिससे यह घटना घटी स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मुस्क्कत के साथ ट्रक चला रहे हैं ड्राइवर को निकाला गया और मौके पर पहुंची चान्हो पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो अस्पताल पहुंचाया। वहीं डॉ ने स्थिति देखते हुए घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया।

## संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को मूरतो अखड़ा लुंडरी धूमकूरिया भवन एवं बेयासि जतरा मैदान मे कॉग्रेस पंचायत कमिटी की बैठक पंचायत अध्यक्ष मूरतो किशोर भगत .बेयासि पंचायत अध्यक्ष जगदीश गोप लुंडरी पंचायत अध्यक्ष सीटू उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक चर्चा एवं बूथ कमेटी एवं क्रू का गठन जल्द से जल्द करने पर जोर दिया गया। साथ ही साथ कॉग्रेस के विचार धारा एवं माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के विकास कार्य को जन जन तक पहुंचाने पर गंभीर चर्चा हुई सरकार की योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करके समस्याओं का निदान करने हेतु लोगों को मदद करने की चर्चा हुई। इस बैठक में चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने कहा कि संगठन को दुरुस्त करने की जरूरत है ,और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। तभी आम जनता लोग हमारे साथ जुड़ेंगे। बैठक में मुख्य रूप से चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक रांची जिला सचिव सह प्रभारी लुंडरी शशि साहू प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह प्रभारी मूरतो प्रभारी अब्दुल्लाह अंसारी पीसीसी डेलिगेट दिलीप सिंह पंचायत अध्यक्ष किशोर भगत सीटू उरांव जगदीश गोप पवन भगत प्रखंड उपाध्यक्ष जावेद अहमद जट्टा उरांव सुका उरांव सकारी भगताइन सरफराज अंसारी आबिद अंसारी बसंत उरांव लोढो उरांव धनु उरांव अबुल अंसारी बबलू उरांव मनीष उरांव रेयाज अंसारी लक्छमन उरांव और अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

**ओरमांझी :** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ही में अखिल भारतीय खो खो खेलकूद प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के बिना में आयोजित हुई थी। वहां पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने रजत पदक प्राप्त करने वाली बहनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश ने बताया कि पूरे भारत में लगभग बत्तीस हजार शिशु विद्या मंदिर विद्यालय संचालित हैं, जिसे पूरे भारत में 10 क्षेत्र में बांटा गया है। हमारी बहनों ने प्रांत स्तरीय कोडरमा और क्षेत्र स्तरीय फारबिसगंज में आयोजित प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीती थी ।वहीं से इनका चयन अखिल भारतीय के लिए हुआ था, जहां इन्होंने पूरे भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त कर इस विद्यालय के साथ-साथ पूरे प्रखंड का नाम अखिल भारतीय में की है। इस प्रतियोगिता में आने-जाने का पूरा खर्च विद्यालय के मुख्य संरक्षक और राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के सौजन्य से हुआ था। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर आदित्य प्रसाद साहू ने अपने संबोधन में कहा की ऐसे गांव के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस इसे हमे निखारने की आवश्यकता है। और इस विद्यालय के माध्यम से यहां के बच्चे खो खो में प्रांत के साथ-साथ क्षेत्र के साथ-साथ पूरे अखिल भारतीय में रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन की है। निश्चित तौर पर इन लोगों की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अनुशासन सिर्फ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ही देखा जा सकता है।

## दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**ओरमांझी :** मंगलवार को शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में आगाज हुआ। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का उद्घाटन मैच ग्रुप ए का जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा बनाम फुटबॉल क्लब आनंदी के बीच खेला गया। जिसमें जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि राजेश कच्छप खिजरी विधायक, विशिष्ट अतिथि कमिश्नर मुंडा जिला परिषद सदस्य ,आशीष साहू अध्यक्ष भाजपा युवा दस्तक, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस तुलसी खरवार, हरिमोहन महतो, रवि साहू, सुरेश साहू संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किया गया। सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किए भूमित 11 बेलवा टोली एवं डायमंड क्लब रांची।जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में चंदेश्वर कुमार एवं दूसरा मैच में पवन करमाली को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया।

# हमारा संकल्प, विकसित भारत कार्यक्रम को लेकर हुआ बैठक का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रताप मिंज की अध्यक्षता में ÷हमारा संकल्प विकसित भारत÷ के सफल आयोजन को लेकर बैठक किया गया। ÷हमारा संकल्प विकसित भारत÷ के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 06दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक प्रखंड के विभिन्न पंचायत, गांव में होना है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांव में बसती है और विकसित भारत का सपना तभी साकार किया जा सकता है जब गांव को विकास की मूल धारा से ना जोड़ दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास से महरूम रख कर विकसित भारत का सपना कभी साकार नहीं हो सकता है। इसलिए यह आवश्यक है की सरकार की इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन प्रखंड के विभिन्न पंचायत और गांव में सुनिश्चित किया जाए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी। बैठक के दौरान ÷हमारा संकल्प विकसित भारत÷ के सफल संचालन के लिए प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय गठित टीम को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम के अतिरिक्त विभिन्न विभाग के प्रतिनिधि, पंचायत सचिव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## किसानों के बीच धुआं रहित चुल्हा का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** कुच्चू पंचायत अंतर्गत बदरी गांव में आईसीआईसीआई फाऊंडेशन के सौजन्य से मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर किसानों के बीच धुआं रहित चुल्हा का वितरण किया गया। वितरण ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया एवं आईसीआईसीआई फाऊंडेशन के सर्वेक्षण कर्ता शुभम वर्मा ने किया जिसमें बदरी अम्बाटुंगरी, खभावन, बुटगोड़ा भुकभकिया के तीस किसानों के बीच किया गया किसानों को धुआं रहित चुल्हा के फायदे के बारे जानकारी दिया गया सर्वेयर शुभम वर्मा ने बताया कि धुंआ रहित चुल्हा में लकड़ी एवं कोयले की कम खपत पर खाना बना सकते हैं और धुआं से मुक्ति पा सकते हैं एवं आंख की बीमारी होने? से बच सकते हैं मौके पर आईसीआईसीआई फाऊंडेशन के सीएफ सुनिल कुमार पूर्व मुखिया संगीता देवी,पूर्व पंसस कुच्चू पंचमी देवी वार्ड सदस्य रीता देवी, उज्ज्वला देवी कल्पना देवी ,शिवशंकर बेदिया ?सोहराय बेदिया, शनिचरवा बेदिया, जगरनाथ बेदिया जोगेशवर बेदिया, रोशन बेदिया, मनबोध बेदिया, मुचीराम बेदिया धर्मेन्द्र बेदिया सरिता देवी, प्रकाश कुम्हार आदि उपस्थित थे।

## पिपरवार में हुई ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी ईम्पलाइ काउंसिल और प्रबधंन की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक कार्यालय मे मंगलवार को ऑल इंरिया एससी/एसटी/बीसी इम्पलाई को-आर्डीनेशन काउंसिल और स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के बीच एजेंडा मिटिंग हुई।मिटिंग की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया।बैठक मे काउंसिल द्वारा पिपरवार एरिया प्रबधन को दिये गये 30 सूत्री मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई,जिसमे प्रमुख मांगो मे पिपरवार क्षेत्र में काउंसिल का कार्यालय उपलब्ध कराने,एससी, पीसीसी,वेलफेयर,सेफटी, हाउसिंग,सीएसआर एवं अन्य समितियां में बिना भेदभाव किए काउंसिल के सदस्यों को शामिल करने, प्रमोशन,क्वाटर,सुरक्षा, क्वाटर मरम्मत,शुध्द पेयजल,रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने,कोयला खदानों में सुरक्षा नियमों को पुख्ता से लागू करने,पिपरवार ओसीपी के कामगारों को अशोक परियोजना में जल्द विलय करने,पिपरवार में आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना करने सहित कुल 30 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा की गई।उक्त सभी मांगों को प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक समाधान कराने का भरोसा दिया।बैठक मे जीएम सीबी सहाय,एसओपी आलोक मनीष सोय,एसओसी सुमन कुमार,एसओ ईण्डएम जेएन दत्ता,कार्मिक प्रबधंक नागेश कुमार,रवि बाड़ा,एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ. एफआर साह सहित काउंसिल की ओर से सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान, सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,पिपरवार सचिव रतन लाल,एसडी राम,प्रेम कुमार, रोशन गुप्ता,ईटी बरला,बीरेंद्र महतो,दिलीप पासवान, शंभू राम, मो.जुल्फान, दिलीप गंझु,रामेश्वर भोगता,चंदन कुमार, विश्वामित्र कुमार, गणेश भुईया, मिथिलेश सिंह सहित कई लोग मौजुद थे।

## अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह, बिरहोर टोली में एसएसआर को लेकर विशेष कैंप का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत पात्र /योग्य PVTG परिवार के सदस्यों के लिए अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह, बिरहोर टोली में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोकेश मिश्रा ने उपस्थित होकर मतदाताओं को जागरूक किया। साथ ही PVTG परिवारों को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 जारी कर दिया गया है। इसके तहत 18 वर्ष (01.01.2024) पूरे करने वाले युवा मतदाताओं एवं छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। आप सभी भी क्षेत्र में अपने स्तर से आमजनों को इस कार्यक्रम से अवगत करायें। इस दौरान उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों के बीच साड़ी - धोती एवं कंबल का वितरण किया।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची
### अतिअल्पकालीन ई–निविदा (द्वितीय आमंत्रण)
**PR 305742, 307744 (Drinking water and Sanitation)23-24**

निविदा सं०:–12 **of** 2023–24 तिथि –25.11.2023

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 10 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Medical Collage campus of RIMS Bariyatu, Ran chi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 8926699.00 | 179000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 2 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 15 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Super Speciality and Dentistry campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 8096920.00 | 162000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 3 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 15 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Trauma Centre campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 6537600.00 | 131000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 4 | Construction of Biological Effluent Treatment Plant having capacity 10 KLD with Shed, SWR Pipe line & its allied work at Oncology campus of RIMS Bariyatu, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 6362009.00 | 128000.00 | 10,000.00 | 06 माह |
| 5 | वेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 30.11.2023 up to 05.00 P.M. | | | |
| 6 | ई–निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.12.2023 up to 03.30 P.M. | | | |
| 7 | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 8 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.12.2023 up to 4.00 P.M. | | | |
| 9 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। | | | |
| 10 | ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0 | 9835068475 | | | |

नोट :–1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तद्नुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर उस बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदाकार की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए website http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गोन्दा, राँची।

PR 312117 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



### GOVERNMENT OF JHARKHAND
### DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE, (DIRECTORATE OF SOIL CONSERVATION)
Jharkhand Agriculture Machinery Testing & Training Center (JAMTTC)
4th Floor Room No. – 403, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008
Telephone- 0651-3511151, **e-mail** - edjamttc@gmail.com **website** - www.jamttc.org

**कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल, कृषक समूहों एवं अन्य कृषकों को अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर उसके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों के परिचालन, रख–रखाव एवं लघु मरम्मति से संबंधित पाँच दिवसीय निःशुल्क आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।**

झारखण्ड राज्य में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल एवं कृषक समूहों एवं अन्य कृषकों को अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर उसके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के परिचालन, रख–रखाव एवं लघु मरम्मति से संबंधित पाँच दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न प्रकार आयोजित किया जा रहा है :–

| क्र0 | दिनांक | | भौतिक लक्ष्य | जिला का नाम एवं संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | कब से | कब तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 05.12.2023 | 09.12.2023 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10, पूर्वी सिंहभूम–10 |
| 02 | 10.12.2023 | 14.12.2023 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| 03 | 15.12.2023 | 19.12.2023 | 60 | चतरा–10, गढ़वा–10,देवघर–10, पाकुड़–10, गोड्डा–10, साहेबगंज–10 |
| 04 | 20.12.2023 | 24.12.2023 | 60 | लातेहार–10, सिमडेगा–10, जामताड़ा–10,सरायकेला–खरसांवा–10,रामगढ़–10, खूँटी–10 |
| 05 | 26.12.2023 | 30.12.2023 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10,पूर्वीसिंहभूम–10 |
| 06 | 03.01.2024 | 07.01.2024 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| 07 | 08.01.2024 | 12.01.2024 | 60 | चतरा–10, गढ़वा–10,देवघर–10, पाकुड़–10, गोड्डा–10, साहेबगंज–10 |
| 08 | 13.01.2024 | 17.01.2024 | 60 | लातेहार–10, सिमडेगा–10, जामताड़ा–10,सरायकेला–खरसांवा–10,रामगढ़–10, खूँटी–10 |
| 09 | 18.01.2024 | 22.01.2024 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10,पूर्वी सिंहभूम–10 |
| 10 | 23.01.2023 | 27.01.2024 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| 11 | 29.01.2024 | 02.02.2024 | 60 | चतरा–10, गढ़वा–10,देवघर–10, पाकुड़–10, गोड्डा–10, साहेबगंज–10 |
| 12 | 03.02.2024 | 07.02.2024 | 60 | लातेहार–10, सिमडेगा–10, जामताड़ा–10,सरायकेला–खरसांवा–10,रामगढ़–10, खूँटी–10 |
| 13 | 08.02.2024 | 12.02.2024 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10, पूर्वी सिंहभूम–10 |
| 14 | 13.02.2024 | 17.02.2024 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| | | कुल योगः– | 840 | |

उक्त कार्यक्रम का लक्ष्य एवं तिथी औपबंधिक है एवं जेएएमटीटीसी के द्वारा इसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा। संबंधित जिला के इच्छुक महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल एवं कृषक समूहों के सदस्य एवं अन्य कृषक अपने जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला उद्यान पदाधिकारी से अनुशंसा प्राप्त कर या जेएएमटीटीसी से सम्पर्क कर निर्धारित तिथि पर निम्न पते पर उपस्थित होना होगा।

**प्रशिक्षण केन्द का पता– जेएएमटीटीसी, राँची**
**(झारखण्ड कृषि मशीनरी परीक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, राँची)**
**ई0 टी0 सी0 परिसर, काजू बगान, हेहल,**
**(सामने जुनियर डी0 ए0 वी0 स्कूल, हेहल) राँची, पीन कोड–834005**

किसी प्रकार की विशेष जानकारी हेतु जेएएमटीटीसी कार्यालय दुरभाष 0651–3511151 या मोबाईल सं0 8603229188 (केवल पूर्वाहन् 10.30 बजे से संध्या 05.00 बजे तक) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण)
जेएएमटीटीसी, राँची

**PR 312105 Agriculture(23-24)#D**



### कार्यालय,
### वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों को जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर बिक्री हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.12.2023 को 12:30 बजे अपराहन तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 01:30 बजे अपराहन् में खोली जायेगी।

निलामी हेतु अधिहरित (Confiscated) सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरूद्ध सुनवाई हेतु किसी न्यायालय/ अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन हो या वाहन के निलामी से आपति हो तो सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अन्दर अपना दावा स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में प्रस्तुत करेंगे । यदि सूचना प्रकाशन के उपरान्त दो दिनों के अन्दर अधिहरित (Confiscated) वाहनों पर कोई दावा इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा तो यह समझा जाएगा कि किन्हीं को अधिहरित (Confiscated) वाहन की निविदा द्वारा बिक्री करने पर कोई आपति नहीं है। निविदा द्वारा वाहन बिक्री किये जाने के पश्चात किसी भी वाहन पर प्रस्तुत दावा मान्य अथवा स्वीकार्य नहीं होगा।

निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं ।

**वाहनों की सूची**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ ईजन संख्या | वन वाद सं0 | राज्यसात सं0 | वाहन जहाँ रखा है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | टाटा 407 चे0 सं0 3570101, 50818864, E497SP21/902.65370 | 462/2016 | 65/2016 | बरही प्रक्षेत्र |
| 2 | ट्रक 407 बिनानम्बर का | 694/2018 | 03/2019 | बरही प्रक्षेत्र |
| 3 | पिकअप भान संख्या JH 12C 2119 | 347/2018 | 47/2018 | बरही प्रक्षेत्र |
| 4 | टाटा 207 संख्या JH 02M 1699 | 103/2017 | 45/2017 | बरही प्रक्षेत्र |
| 5 | महिन्द्रा ट्रैक्टर इंजन संख्या M&M(TD)C05552888R1 चे0 संख्या 751046R5 डाला सहित | 18/2021 | 02/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 6 | इन्डो फार्म ट्रैक्टर इंजन संख्या C324306264NT चे0 संख्या CNT3035006135 डाला सहित | 58/2021 | 04/2021 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 7 | बजाज मोटरसाईकल डिस्कवर संख्या JH 02R 3747 | 1479/2022 | 22/2022 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 8 | टाटा टरबो संख्या JH 01F 5299 | 367/2020 | 19/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 9 | बोलेरो मैक्स पिकअप जूनियर 2WDMA1RZ2GAA81K53109GA81K26458 | 667/2020 | 24/2020 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 10 | पॉवर ट्रैक ट्रैक्टर 434 Engine No. T9920001008H Ch. No. T77010010 डाला सहित | 809/2020 | 31/2020 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 11 | पावर ट्रैक्टर ई0 सं0 E3069831 चे0 सं0 B30644568 डाला सहित | 273/2018 | 40/2018 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 12 | आयसर ट्रैक्टर इंजन संख्या 56828426231 | 87/2012 | 04/2012 | अम्बाटोला पुलिस पिकेट |
| 13 | मोटर साईकल इंजन संख्या HA10EA8HM47591 Ch. No. MBLHA10EE8AM30034 | 88/2017 | 44/2017 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 14 | मोटर साईकल संख्या JH 02F 7322 | 46/2009 | 04/2009 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 15 | आयसर ट्रैक्टर ई0 सं0 515029199077 चे0सं0 91501023123 डाला सहित | 76/2018 | 59/2018 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 16 | टाटा 407 बिना नम्बर का | 501/2019 | 17/2019 | प्रमंडलीय कार्यालय |
| 17 | मारूति भान बिना नम्बर का | 426/2018 | 49/2018 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 18 | मारूति भान बिना नम्बर का | 1487/2019 | 41/2019 | हजारीबाग प्रक्षेत्र |
| 19 | महिन्द्रा षक्तिमान ट्रैक्टर ई0 सं0 930CD3946 डाला सहित | 97/2016 | 31/2016 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 20 | ट्रैक्टर ई0 नं0 C324403255NS डाला सहित | 43/2017 | 02/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 21 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर इं0 सं0 T77010010A29C03 डाला सहित | 26/2017 | 55/2017 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 22 | बजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल सं0– JH-11F-1057 | 2175/2021 | 60/2021 | बडकागांव प्रक्षेत्र |
| 23 | मारुती भैन– BR-23B-7284 | 18/2014 | 03/2014 | प्रमण्डलीय कार्यालय |
| 24 | महिन्द्रा मैक्सी निबंधन संख्या– JH-02S-9920 | 425/2013 | 58/2013 | चौपारण प्रक्षेत्र परिसर |
| 25 | हिरो हौण्डा सी0डी0 डीलक्स अनिबंधित | 12/2016 | 06/2016 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 26 | हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल संख्या– BR-14D-6764 | 554/2015 | 03/2016 | बड़कागांव प्रक्षेत्र |
| 27 | बजाज मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02E-0942 | 521/2013 | 66/2013 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR.NO.312150 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## इंतखाब वास्ती ने किया नरसिंहगढ़ मण्डल का दौरा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सह मण्डल संगठन पर्यवेक्षक नरसिंहगढ़ मण्डल कांग्रेस कमिटी इंतखाब वास्ती ने नरसिंहगढ़ मण्डल में दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मण्डल अध्यक्ष दुलाराम सोरेन एवं कांग्रेसजनों से मुलाकात कर संगठनात्मक कार्यों को तेज गति देने, पंचायतवार कमेटी को मजबूती से गठन करने तथा बुथ स्तर पर संगठनात्मक संरचना तैयार करने की बात कही। कहा सभी वरीय पदाधिकारी पंचायत स्तर के ग्रामों का दौरा करने के क्रम में रात्रि विश्राम कार्यकर्ता के घरों पर करें और संगठन का परिचर्चा कर, वहां के नागरिकों तक कांग्रेस पार्टी का संदेश पहुंचाएं। दौरा के क्रम में मण्डल अध्यक्ष दुलाराम सोरेन, वरिष्ठ नेता भूतेश पंडित, धीरज मार्डी सहित कांग्रेसजनों से मुलाकात किया।

## सुरभि शाखा ने बुजुर्गो को भोजन कराया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा मंगलवार को बाराद्वारी स्थित ओल्ड एज होम में रहने वाले सभी बुजुर्गो को भोजन कराया गया। यह कार्यक्रम शाखा सदस्य पूजा अग्रवाल (आदित्यपुर) के सौजन्य एवं शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, खुशबू कावटिया, पूजा अग्रवाल, उषा चौधरी आदि का सहयोग रहा।

## गोदरेज लॉक्स के सर्वेक्षण में 54 प्रतिशत लोग घरेलू सुरक्षा को लेकर चिंतित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर घर सुरक्षित के तहत गोदरेज लॉक्स द्वारा की गयी रिसर्च में यह सामने आया है कि आधे से अधिक उत्तरदाता (54 प्रतिशत) अभी भी घरेलू सुरक्षा के बारे में चिंतित रहते हैं।



इसी प्रकार लगभग 44 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि घर पर नहीं होने की स्थिति में चोरी और सेंधमारी होने की चिंता के कारण उन्होंने डिनर या सामाजिक समारोहों में जाना छोड़ दिया है। इस संबंध में गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स के बिजनेस हेड श्याम मोटवानी ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान अपराध की दर में बढ़ोतरी होने के मद्देनज़र घरेलू सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना ज़रूरी बन जाता है। उल्लखनीय है कि, लॉक्स अपने वार्षिक अभियान हर घर सुरक्षित के अंग के रूप में, 15 नवंबर को होम सेफ्टी डे (गृह सुरक्षा दिवस) के रूप में मनाती रही है। अपने सातवें साल के जश्न से पहले ब्रांड ने पहली बार माई होम सेफ्टी कोशिएंट का अनावरण किया।

## जेंडर हिंसा के खिलाफ स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) एवं विमेन गेनिंग ग्राउंड कंसोटियम, क्रिया न्यू दिल्ली के 16 दिवसीय अभियान के चौथे दिन असमानता से समानता ,सबकी गिनती एक समान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं के साथ स्लोगन एवं पोस्टर राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान में पुनता हांसदा, दूसरे स्थान में दीपिका सोरेन, तीसरे स्थान में कुदु हेम्ब्रम ,चौथे स्थान में सुष्मिता सरदार, ओर पांचवे स्थान में पद्मावती तुंग को पुरस्कार मिला। कस्तूरबा विद्यालय की शिक्षिका ज्योति सागर, मीना धान एवं प्रमिला सोरेन ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चांदनी सवैयां, चंद्रकला मुंडा रीला सरदार, देवकी सरदार ,उर्मिला सरदार, अंजलि पात्रो, अनीशा सरदार, रीना सरदार , किरण सरदार, अवंती सरदार तथा युवा के सभी सदस्यों ने अपने सहयोग किया ।

## मजदूरों के मसीहा टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष आरएन सिंह नहीं रहे, दाह संस्कार आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के



पूर्व उपाध्यक्ष 49 वर्षीय आर एन सिंह का निधन आज दोपहर में हो गया। मजदूर हित के लिए सदैव लड़ाई लड़ने वाले जुझारू नेता स्वर्गीय सिंह ने अंतत आज मौत से लड़ाई मे हार गए। विगत दो वर्षो से वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। सिंह विगत एक सप्ताह से टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाजरत थे। स्वर्गीय सिंह अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री को छोड़ गए हैं। उनका दाह संस्कार कल बुधवार को स्वर्णरिखा वर्निंग घाट पर किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा टेल्को रोड नंबर 8 स्थित आवास से सुबह 10 बजे निकलेगी।

# पूर्वी सिंहभूम जिले के 104 परीक्षा केंद्रों पर होगी मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के लिए कुल 104 परीक्षा केन्द्रों का चयन किया गया है। इनमें 72 परीक्षा केन्द्र माध्यमिक परीक्षा के लिए और 32 परीक्षा केन्द्र इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए होंगे। यह निर्णय आज जिला समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक में हुई । बैठक में सभी आवश्यक आधारभूत सुविधा युक्त शिक्षण संस्थानों पर विमर्श करते हुए चयन किया गया। परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण में छात्र-छात्राओं के लिए सुविधा, परीक्षा की निष्पक्षता एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक



प्रतिनिधि, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाने को चित्रगुप्त महासमिति ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** चित्रगुप्त महासमिति के कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बड़ा गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी रविवार, तीन दिसंबर को देश के प्रथम राष्टपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि प्रातः दस बजे कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उसके बाद उसी दिन सन्ध्या में चित्रगुप्त भवन में ही चित्रांश सम्मेलन सह प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा। उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी ने सभी चित्रांशों से उक्त कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने की अपील किया है। बैठक में कई अन्य मुद्दों यथा छूटे हुए चित्रांशों को महासमिति से जोड़ने, सोसायटी का शीघ्र पंजीयन कराने आदि पर भी चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में महासचिव संजय कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अभय लाभ, महेश कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, भूदेव वर्मा समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में विद्या ज्योति के 24 बच्चों ने जीता पदक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राष्टीय कराटे चैंपियनशिप 2023 में विद्या ज्योति स्कूल, गम्हरिया के 24 बच्चों ने पदक पदक हासिल कर झारखंड ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य बच्चों में हर्ष व्याप्त है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन विगत 26 व 27 नवंबर को ऑर्चर्ड अकादमी, मून सिटी मानगो, जमशेदपुर में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में कोच अमित



कुमार झा के मार्गदर्शन में विद्या ज्योति स्कूल के कई बच्चों ने भाग लिया था। उसमें 24 बच्चों में 8 बच्चे स्वर्ण पदक, 10 बच्चे रजत पदक और 6 बच्चों ने कांस्य पदक पदक प्राप्त कर झारखंड ओवरऑल चैंपियन का श्रेय लेकर विद्यालय को सम्मान दिलाया है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार झा और उप प्राचार्य आनंद कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए मंगलकामना किया है।

## जेटीडीसी ने आदिम जनजाति परिवारों के बीच बांटे कृषि यंत्र व बीज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बोंटा पंचायत भवन में झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी द्वारा प्रायोजित टीएचपी योजना के तहत आदिम जनजाति परिवारों की महिला लाभुकों को आयवृद्धि एवं स्वरोजगार के लिए राशन, कृषि यंत्र एव बीज वितरित किया गया। कार्यक्रम में जेटीडीएस पूर्वी सिंहभूम के डीपीएम रुस्तम अंसारी द्वारा लाभुकों को आयवृद्धि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जेटीडीएस के वित्तीय पदाधिकारी उत्तम कुमार एवं योजना पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह द्वारा भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बोंटा पंचायत की मुखिया सुकांति किस्कू द्वारा पीवीटीजी परिवारों को शिक्षा से जुड़ने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के



लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था महिला जागृति समिति द्वारा वितरण किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य लव किशोर हांसदा, मुखिया प्रतिनिधि हरिपद किस्कू, महिला जागृति समिति से अशोक कुमार पटेल व बालिका महतो उपस्थित थे।

# प्लस टू विद्यालय व महाविद्यालय के छात्रों का वोटर कार्ड बनाने को उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के सभी प्लस 2 विद्यालयों/इंटर कॉलेजों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य को भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा सभी योग्य युवाओं का वोटर आईडी कार्ड बनाने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा




लगातार कार्य जारी है। इसे गति देते हुए शत प्रतिशत योग्य भावी मतदाताओं का वोटर कार्ड बनाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।सभी युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में समाहित कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर से भी भावी मतदाताओ का ई-विद्या वाहिनी के माध्यम से तैयार प्री फील्ड फॉर्म 6 जिला में उपलब्ध कराया गया है। उपलब्ध कराए गए प्री फील्ड फॉर्म 6 में सभी विद्यार्थियों की विवरणी भरते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ उसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय को वापस की जानी है, जिसकी एंट्री ईआरओ द्वारा करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी व्यक्तियों को निर्वाचन प्रणाली एवं मतदाता सूची से संबंधित कार्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डेस्टिनेशन शादियों के लिए झारखण्ड सहित देश में ही सैंकड़ों स्थान उपलब्ध : सोन्थालिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 नवम्बर को अपने मन की बात कार्यक्रम में विदेश में डेस्टिनेशन शादियों पर जिस तरह गंभीरता से चिंता की गई, वो देश भर में लोगों के मन एवं मस्तिष्क में बैठ गई है और झारखण्ड सहित देशभर में इस पर न केवल मीडिया में बल्कि आम लोगों के बीच एक चर्चा शुरू हो गई है। विदेशों में भारतीय लोगों द्वारा डेस्टिनेशन शादियों के बारे में अभी तक कोई अधिकृत सर्वे नहीं हुआ है, इसलिए यह अन्दाज़ लगाना मुश्किल हैं कि यह कारोबार कितना होगा लेकिन फिर भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के वक्तव्य के बाद जब मामले को खंगालने की कोशिश हुई तो यह मोटा अनुमान निकलता है कि प्रतिवर्ष लगभग 5 हज़ार डेस्टिनेशन शादियाँ विदेशों में होती होंगी जिसमें लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान लगाया जा सकता है । कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा व्यक्त की गई अपनी मन की बात में विदेश में डेस्टिनेशन शादियों पर जो चिंता व्यक्त की गई है, उस पर यदि सार्थक चर्चा हो तो यह देश के घरेलू व्यापार एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में एक संभावित बदलाव लाने की पहल हो सकती है।

## बान्दू पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में 554 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के बान्दू पंचायत भवन में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। जहां मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह, अंचलाधिकारी हरिश्चंद्र मुंडा,जिला परिषद सदस्य सुलेखा हांसदा,प्रखंड उप प्रमुख सुमना देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामजीत हांसदा(लालू)ने संयुक्त ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। बान्दू में लगे



आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में लाभुकों की सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। शिविर शाम तक चली जहाँ कुल 1208 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 554 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत की मुखिया सूर्यमणि मार्डी, प.स.स.पंसारी मार्डी, ,पंचायत सचिव बुधेस्वर महतो,वार्ड सदस्य, मेट, पंचायत क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान,कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो के युवा नेता राकेश सतपति, सोमनाथ गोप समेत कई उपस्थित थे।

## गाड़ीग्राम में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना एसटी राइडर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की लावा पंचायत अंतर्गत गाड़ीग्राम फुटबॉल मैंदान में मंगलवार को रास पूर्णिमा पर वीनापानी न्यू सागेन क्लब की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडु, विशिष्ट अतिथियों में मुखिया कानुराम बेसरा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो व वंशी दास शामिल हुए। फाइनल मैच का उदघाटन अतिथियों ने खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त करते हुए किया। 16 टीमों के बीच आयोजित टूर्नामेंट में एसटी राइडर फुटबॉल टीम ने याराना फुटबॉल टीम को पेनॉल्टी शूट में एक गोल से पराजित कर मैच का खिताब जीत लिया। तीसरे स्थान पर चित्त टाइगर व चौथे स्थान पर बेलटांड़ चौक फुटबॉल टीम



रही। कमेटी की ओर से विजेता टीम को 15 हजार, उप विजेता टीम को 12 हजार तीसरे व चौथे स्थान पर रहे दोनों टीमों को 7-7 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुनील मुर्मू, बुद्धेश्वर बेसरा, विजय बेसरा, रतन मुर्मू, दिलीप मुर्मू, शंकर बेसरा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## अज्ञात वाहन के धक्के से मोटरसाइकिल सवार घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर-जुगसलाई मुख्य मार्ग के चांवरबांधा गांव चौक के पास मोटरसाइकिल सवार हाता निवासी पदमलोचन राणा (31 वर्ष) को अज्ञात वाहन के धक्के से गिर गया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. ग्रामीणों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस व 108 एम्बुलेंस को सुचना दी. घायल पदमलोचन राणा को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर लाया गया. जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद टीएमएच जमशेदपुर रेफर किया गया. डॉ मनीष देमता ने बताया कि घायल ब्यक्ति को पैर एवं शिर में गंभीर चोंटे लगी है .

# सरकार आपके द्वार में ऑन द स्पॉट मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** सरकार आपके द्वार अभियान के तृतीय चरण तहत मंगलवार को जगन्नाथपुर प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत के रास्सेल उच्च विद्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा, अनुमंडल दंडाधिकारी दिनेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधाकारी चंदन प्रसाद, सीओ मनोज मिश्रा, बीस सूत्री अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ललिल दुराईबुरु, पूर्व जिला परिसद सदस्य अभिषेक सिंकु, जगन्नाथपुर मुखिया जोलेन भूईया,पंचायत समिति सवित्री देवी,ग्रामीण मुंडा विकास महापात्रो,बीपीएम राहतु बोदरा की ओर से दीप प्रज्वलित कर पंचायत स्तरीय शिविर आयोजन का शुभारंभ किया गया. वहीं शिविर में विभागों के द्वारा 26 स्टॉल लगाया गया. जहां प्रमुख तौर पर अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, पशुधन, कृषि, बिजली,



वन अधिकार पट्टा, भू लगान रसीद एवं भू राजस्व स्टेट बैंक की ओर से भी बंधित मामले सहित सहायता केंद्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री ईंधन योजना आदि से संबंधित कार्यों का निष्पादन प्राथमिकता के तौर पर किया गया.

**एक्सएलआरआइ में हुआ इंटरनेशनल सीइओ कॉन्क्लेव, दिग्गजों ने कहा ...**

## क्लाइमेट चेंज से निबटने के लिए कार्बन मूल्य निर्धारण जरुरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में पीजीडीएम (जीएम) बैच के कम्यूनिकेशन क्लब ओरेशिया की ओर से इंटरनेशनल सीइओ कॉन्क्लेव अवेंसिस का आयोजन किया गया. जिसमें भारत के साथ ही कई विदेशी कंपनियों के सीइओ ने हिस्सा लिया. कॉन्क्लेव की शुरुआत एक्सएलआरआइ के फाइनांस व एडमिनिस्ट्रेशन डीन फादर डोनाल्ड ने स्वागत भाषण से किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या वैश्विक स्तर पर है. इस समस्या से निबटने में कॉरपोरेट सेक्टर एक बड़ी भूमिका निभा सकते




हैं. इस दौरान कॉन्क्लेव की थीम बियांड बाउंड्रीज = सस्टेन, इनोवेट एंड ट्रांसफॉर्म की भी लांचिंग की गयी. पहला पैनल यूएसएमसीए क्षेत्र पर केंद्रित किया गया था. जिसमें जलवायु नीति और कॉर्पोरेट लीडर्स के महत्वपूर्ण रोल का विश्लेषण किया. पहले पैनल में मॉडरेटर की भूमिका मौके पर एक्सएलआरआई के प्रोफेसर फादर कुरुविला जोसेफ पांडिकट्टू एसजे ने निभायी. इस पैनल में कैनेडियन एविएशन पार्टनर्स के सीईओ सह प्रेसिडेंट माइकल रोडिनियुक, बाइसेल्वा के संस्थापक सह सीइओ माइकल कोह और वर्क्स फॉम न्यूयॉर्क के सह संस्थापक सह सीइओ सुमीत सलवान मौजूद थे. सभी ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने से जुड़ी अपनी बातों को प्रस्तुत करते हुए वैश्विक स्तर पर कार्बन मूल्य निर्धारण को बढ़ावा देने की बात कही. वहीं, दूसरे पैनल में एपीएसी में विनियामक परिदृश्य का विकास सीईओ अनुपालन और शासन विषय पर एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया. जिसमें सिंगापुर में फ्रेश आइडियाज के सीइओ चार्ल्स मैनुअल, ऑस्ट्रेलिया के ग्रेटर मेलबर्न सेंटेलोन के सीइओ अजीत स्टीफन, ग्रेटर सिडनी में लेक्स टेक्नोलॉजीज के सीईओ अनत सहाय और इंडोनेशिया के सॉविटप्रो के सीईओ अभिषेक सिंह शामिल हुए.

## संपादकीय

# अंगारों पर कुछ कदम

**बदलती** सदी के तमाशों के बीच स्वाभिमान की भिन्न लड़ाइयों के मध्य इनसान और नागरिक समाज के सामने सरकारों के अवतरण। एक बार फिर हिमाचल अपनी ही पड़ताल में घायल स्वाभिमान की खातिर अपने अधिकारों के आगे बौना और असहाय खड़ा है। इस बार फेहरिस्त में वाइल्ड फ्लावर हॉल के स्वामित्व को लेकर पुनः प्रदेश अंगारों पर चल रहा है। बाईस साल से प्रतीक्षारत हिमाचल जब वाइल्ड फ्लावर हॉल के भीतर प्रवेश करता है, तो चंद घंटों में यह मुलाकात भी असरदार नहीं होती, नतीजतन कदम पीछे लेने पड़े। कानूनी तौर पर हिमाचल के अस्तित्व से जुड़ी कई संपत्तियां आज भी हिमाचल की होकर भी, किसी न किसी चंगुल में फंसी हैं। वाइल्ड फ्लावर हॉल भी इनमें से एक है और जिसके ऊपर अपने हक की प्राप्ति के लिए सरकारें लगातार अदालत से न्याय मांग रही हैं। एक उत्साहवर्धक निर्णय आया भी तो स्टे के पंजे में फंस गया। पर्यटन की दृष्टि से यह संपत्ति राज्य के लिए रोमांच पैदा करती है। एक उच्च स्तरीय रैंकिंग के साथ वाइल्ड फ्लावर हॉल होने का अर्थ, हिमाचल के पर्यटन निगम को मालामाल कर सकता है, लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि सरकारी उपक्रम ऐसी संपत्तियों से राज्य के खजाने का संबल बन जाते हैं। अगर ऐसी व्यवस्था, निपुणता तथा कौशल पैदा हो जाए, तो तमाम सार्वजनिक होटल इकाइयां पर्यटन का दस्तूर बदल दें। बदलने के लिए प्रदेश के तमाम डाक बंगले अगर पर्यटन से गठजोड़ कर लें तो करीब ढाई हजार संपत्तियां अपने हवाले से सैलानियों को बार-बार नई जगह पर बुलाने का न्यौता दे सकती हैं। खैर वाइल्ड फ्लावर हॉल एक स्वप्निल कहानी है जो यथार्थ में हिमाचल के पर्यटन संबोधन का सीना चौड़ा कर सकती है। हिमाचल दरअसल ऐसी जमीन का टुकड़ा है, जहां कहीं पंजाब पुनर्गठन की बुर्जियां अतिक्रमण कर रही हैं, तो कहीं पूर्ववर्ती लीज के तहत बांटी गईं संपत्तियों का अधिकार तरस रहा है। पंजाब से हिमाचल में आकर मिले पर्वतीय क्षेत्र केवल जमीन की सीमा नहीं, बल्कि पर्वतीय आत्मसम्मान का अधिकार भी था। पंजाब में से 7.19 प्रतिशत हिस्सा इस तरह सीधे पर्वतीय अस्मिता का अंग था जो संस्कृति, बोली, भाषा, जीवन शैली व पहाड़ी परंपराओं से मेल खाता था। पंजाब पुनर्गठन में पहाड़ी लोग तो धकेल दिए, पर्वत का फर्ज, पर्वत का मर्ज, पर्वत की अस्मिता, पर्वत की आत्मनिर्भरता, पर्वतीय क्षेत्रों के समझौते और अनुबंध अपने कब्जे में रख लिए। दूसरी ओर तत्कालीन हिमाचल की शासकीय व्यवस्था ने इन इलाकों को अपनी अस्मिता की भुजा या तर्क बनाने के बजाय, राजनीतिक बंटवारा मान लिया। यही बंटवारा आगे चलकर और अब तक हिमाचल की सियासत को बांट रहा है, वरना पौंग, गोविंदसागर व शानन विद्युत परियोजना जैसे समझौते उसी वक्त हिमाचल की अमानत हो जाते तथा बीबीएमबी का अस्तित्व हमारी पहचान बन जाता। आश्चर्य यह कि हरियाणा और पंजाब ने केंद्र शासित चंडीगढ़ में अपनी-अपनी राजधानियों की तलाशी में संपत्तियां अर्जित कर लीं, लेकिन किसी सियासी हस्ती ने यह नहीं सोचा कि इसी अनुपात में हिमाचल के हिस्से भी दो-तीन सेक्टर या एक मिनी राजधानी का अधिकार चंडीगढ़ में मिल जाता। हिमाचल अगर चंडीगढ़ में तब अपने लिए भूमि और भूमिका हासिल कर लेता, तो मोहाली व पंचकूला की तरह परवाणू-बीबीएन तक प्रदेश की भी आर्थिक राजधानी होती। हिमाचल ने अपनी सियासी संकीर्णता के कारण पंजाब पुनर्गठन के मसले को सत्ता के लाल कालीन के नीचे छिपाए रखा, फिर भी कुछ मुख्यमंत्रियों ने अस्तित्व की तलाशी में अपने अधिकार खोज डाले। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की यात्रा इन्हीं अधिकारों की खोज थी, तो अब सुखविंदर सुक्खू भी पर्वतीय आत्मसम्मान की बुलंदी को पाने के लिए हुंकारा भर रहे हैं। वाटर सेस इसी तरह का एक फैसला है जो केंद्र से आसानी से हासिल नहीं होगा, लेकिन इस फाइल को जनता की कचहरी तक ले जाने का माहौल अगर बन पाता है, तो हिमाचल की अस्मिता इससे जुड़ जाएगी। इसी तरह शानन परियोजना की लीज समाप्त होने के बाद इसे हासिल करने की कसरतों में केंद्र की भूमिका के खिलाफ आवाज बुलंद होती है, तो यह आत्मनिर्भरता की ओर उठने वाले कदम हैं। विडंबना यह है कि सियासी जमघट में कई बार ऐसे मुद्दों की मिट्टी पलीद हो जाती है, जबकि प्रदेश की आर्थिक तरक्की में क्या भाजपा और क्या कांग्रेस, सभी की जिम्मेदारी स्पष्ट है। कई बार विधानसभा ने बाकायदा प्रस्ताव पारित करके देश से अपने अधिकारों की पैरवी की है, लेकिन वाटर सेस पर अब तक लगीं अड़चनें बता रही हैं कि कहीं इस फैसले की अहमियत पर भी देश अपनी उदासीनता से भरी शर्तें थोपना चाहता है। ऐसे में कानून के दूसरे पलड़े में सियासत भी अपना दबाव दिखा रही है।

पर्यटन की दृष्टि से यह संपत्ति राज्य के लिए रोमांच पैदा करती है। एक उच्च स्तरीय रैंकिंग के साथ वाइल्ड फ्लावर हॉल होने का अर्थ, हिमाचल के पर्यटन निगम को मालामाल कर सकता है, लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि सरकारी उपक्रम ऐसी संपत्तियों से राज्य के खजाने का संबल बन जाते हैं। अगर ऐसी व्यवस्था, निपुणता तथा कौशल पैदा हो जाए, तो तमाम सार्वजनिक होटल इकाइयां पर्यटन का दस्तूर बदल दें। बदलने के लिए प्रदेश के तमाम डाक बंगले अगर पर्यटन से गठजोड़ कर लें तो करीब ढाई हजार संपत्तियां अपने हवाले से सैलानियों को बार–बार नई जगह पर बुलाने का न्यौता दे सकती हैं। खैर वाइल्ड फ्लावर हॉल एक स्वप्निल कहानी है जो यथार्थ में हिमाचल के पर्यटन संबोधन का सीना चौड़ा कर सकती है। हिमाचल दरअसल ऐसी जमीन का टुकड़ा है, जहां कहीं पंजाब पुनर्गठन की बुर्जियां अतिक्रमण कर रही हैं, तो कहीं पूर्ववर्ती लीज के तहत बांटी गईं संपत्तियों का अधिकार तरस रहा है। पंजाब से हिमाचल में आकर मिले पर्वतीय क्षेत्र केवल जमीन की सीमा नहीं, बल्कि पर्वतीय आत्मसम्मान का अधिकार भी था।

## कुछ अलग

# युवा वोटर मांगे नौकरी

**जिन** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है, वहां युवा नौकरियों और रोजगार का मुद्दा खूब गूंज रहा है। सिर्फ इसी आधार पर राजनीतिक दलों को कितना जनादेश प्राप्त होगा, यह कहना अनिश्चित है, लेकिन दलों के घोषणा-पत्रों में सरकारी नौकरियों को लेकर आश्वासन प्रमुख रूप से बांटे गए हैं। भाजपा या कांग्रेस के अलावा, मिजोरम की क्षेत्रीय पार्टियों को भी वायदा करना पड़ा है कि उनकी सरकार युवाओं के लिए इतनी सरकारी नौकरियां और रोजगार के अवसर पैदा करेगी। रोजगार के क्षेत्र में बड़े घोटाले सामने आ रहे हैं कि किस सरकार के दौरान कितने पेपर लीक कराए गए। अव्वल तो सरकारी नौकरियों में भर्ती की परीक्षाएं लटकाई जाती रही हैं। यदि परीक्षा हो गई, तो उनके नतीजे अनिश्चित अंधेरों में डूब जाते हैं। यदि परीक्षाओं के बाद सफल चेहरों को नियुक्ति-पत्र मिल भी गए, तो ज्वाइनिंग में आनाकानी की जाती रही है। अंततः अदालतों में धक्के खाने पड़ते हैं और वहां भी सब कुछ अनिश्चित है। इन धांधलियों और घपलों पर युवा मतदाता सरकारी नौकरियों को लेकर पूरी तरह आश्वस्त कैसे हो सकता है? घोषित राजनीतिक आश्वासनों पर जनादेश दिए जाएंगे, सरकारें बनेंगी, उसके बाद नौकरी या रोजगार का वायदा, समयबद्ध और चरणबद्ध तरीके से, पूरा नहीं किया गया, तो युवा वोटर क्या कर सकते हैं? जनादेश तो पांच साल के लिए होता है। पांच साल के बाद राजनीतिक परिदृश्य और समीकरण क्या होंगे, पार्टियां इन चिंताओं में दुबली नहीं हुआ करतीं। अलबत्ता युवाओं के सामने आंदोलन का रास्ता जरूर खुला है। उनसे पूर्ण न्याय कब मिला है? बहरहाल तेलंगाना में कांग्रेस ने 'जॉब कलैंडर' तय करने का वायदा किया है। भाजपा ने तेलंगाना लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के मद्देनजर पारदर्शी और समयबद्ध समाधान देने का वायदा किया है। दोनों दलों को तेलंगाना में जनादेश मिलने के आसार नहीं हैं। राजस्थान में उन युवाओं को समर्थन दिया जा रहा है, जिन्होंने सरकारी नौकरियों में भर्ती की निरंतर और सिलसिलेवार देरी के खिलाफ आवाज उठाई है। तेलंगाना और राजस्थान में युवा बेरोजगारी दर क्रमशः 15.1 फीसदी और 12.5 फीसदी है, जो देश भर में सर्वाधिक हैं। कमोबेश बेरोजगारी की राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी से तो ज्यादा है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं विवादों और घोटालों में संलिप्त रही हैं।

## प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा

# भारत में धड़ल्ले से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी किया जाना चिंता की बात है

प्रह्लाद सबनानी

**पिछले** कुछ समय से भारत सहित, पूरे विश्व में इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में कोई प्रक्रिया तय नहीं की गई है और न ही सरकारी तौर पर इस सम्बंध में कोई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, परंतु फिर भी भारत में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य विभिन्न संस्थानों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है एवं कई विनिर्माण इकाईयों से भारी भरकम राशि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में वसूली जा रही है। साथ ही, विनिर्माण इकाईयों पर भी दबाव बनाया जाता है कि वे अपने संस्थानों में इस्लाम मजहब के अनुयायियों की नियुक्ति करें। अब यह भी समझ से परे है कि फैशन, सौंदर्य साधनों, किराने के सामान, सब्जियों, वित्तीय सुविधाओं एवं ढाबे आदि जैसी गतिविधियों को हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र किस प्रकार प्रदान किया जा सकता है? इसी संदर्भ में अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट ने हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में जांच के आदेश जारी किए हैं। दरअसल, इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल शब्द बहुत महत्व भरा शब्द है। हलाल का आशय यह बताया जाता है कि मुस्लिम मतावलंबियों के लिए जो वस्तु वैद्य है वह हलाल है और जो वैध नहीं है वह हराम है। ऐसा भी बताया जाता है कि प्रारम्भ में इस्लाम-कुरान में खाने की वस्तुओं, विशेष रूप से मांसाहार, के साथ हलाल शब्द को जोड़ा गया था अर्थात किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हलाल है एवं किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हराम है। परंतु, अब तो हलाल को दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के साथ जोड़ दिया गया है। जैसे हलाल मांस, हलाल फैशन एवं सौंदर्य के साधन, हलाल किराने का सामान, हलाल सब्जियां, हलाल वित्तीय सुविधाएं, हलाल ढाबे, आदि आदि। कई इस्लामी देशों ने यह तय कर लिया है कि उनके नागरिक केवल हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थों एवं अन्य सुविधाओं का उपयोग करेंगे एवं इन देशों ने हलाल प्रमाणन को कानूनी रूप दे दिया है। कोई उत्पाद हलाल प्रमाणित है इसके लिए बाकायदा विशेष संस्थाओं का गठन किया गया है जोकि हलाल प्रमाणन का प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम है एवं उस प्रमाणन के आधार पर ही सम्बंधित उत्पाद बाजार में बेचा जा सकता है। इन मुस्लिम मजहब बहुल देशों में विदेशों से आयात किए जाने उत्पादों को भी हलाल प्रमाणन के लिए प्रमाण पत्र सबंधित संस्थानों




से लेना आवश्यक होता है ताकि ये कम्पनियां अपने उत्पादों को इन इस्लामी देशों को निर्यात कर सकें। चूंकि पूरे विश्व में 50 से अधिक इस्लामी देश हैं एवं मुस्लिम मजहब को मानने वाली बहुत बड़ी आबादी इन देशों में निवास करती है अतः गैर इस्लामी देशों की कम्पनियों को भी हलाल प्रमाणित उत्पाद ही इन देशों को भेजने होते हैं। वैसे तो हलाल प्रमाणित वस्तुओं का चलन इस्लामी देशों में बहुत लम्बे समय से चला आ रहा है। परंतु हाल ही के समय में इसका कार्य क्षेत्र बढ़ाकर इसे गैर इस्लामी देशों में भी तेजी से फैलाया गया है अर्थात मुस्लिम मजहब के मतावलंबियों को यह प्रेरणा दी जाती है कि वे केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं का ही उपयोग करें। वर्ष 1945 में दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन में मुस्लिम जुडीशियल कौंसिल हलाल ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। इसके बाद हलाल पंजीयन की शुरुआत थाईलैंड में वर्ष 1969 में हुई जो केवल कुवैत में मुर्गी पालन उद्योग से निर्मित पदार्थों के निर्यात तक सीमित था। एक सुनियोजित इस्लाम केंद्रित व्यापार की वास्तविक शुरुआत दक्षिण पूर्वी एशिया के एक देश मलेशिया से हुई थी। वहां वर्ष 1974 में एक डिपार्टमेंट ऑफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया की स्थापना की गई। यह विश्व का ऐसा पहला देश था, जिसने हलाल व्यापार को परिभाषित करने का एक कानून बना दिया। इस प्रक्रिया की गति इतनी तीव्र थी कि वर्ष 1980 तक मलेशिया को ग्लोबल हलाल हब बनाने के प्रयासों को आकार दिया जाने लगा था। वर्तमान में डिपार्टमेंट ऑफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया का नेटवर्क लगभग 45 देशों में फैला हुआ है और कुल लगभग 78 हलाल पंजीयन संस्थाएं इससे जुड़ी हुई हैं। भारत की भी तीन प्रमुख संस्थाएं- हलाल इंडिया, जमियत उलेमा हलाल फाउंडेशन, जमियत उलेमा ए हिंद हलाल ट्रस्ट इसके सदस्य रहे हैं। अब तो विश्व के लगभग सभी इस्लामी देशों एवं अन्य कई गैर इस्लामी देशों में भी हलाल प्रमाणन संस्थाओं का गठन किया जा चुका है। हलाल प्रमाणन संस्थाएं हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के पूर्व एक मोटी रकम विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन करने वाली संस्थाओं से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में लेती हैं। हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने वाली इन संस्थाओं की आय आज करोड़ों अमेरिकी डॉलर में हो गई है। दीनार स्टैंडर्ड, द कैपिटल ऑफ इस्लामिक इकॉनमी और सलाम गेटवे द्वारा प्रकाशित स्टेट आफ ग्लोबल इस्लामिक इकॉनमी रिपोर्ट 2018-19 के अनुसार, हलाल अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आय अब अरबों डॉलर में पहुंच गई है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्रों की आय इस प्रकार बताई गई है- हलाल ट्रैवल क्षेत्र- 17,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल फूड क्षेत्र- 130,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल वित्तीय क्षेत्र- 243,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल फैशन क्षेत्र- 27,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर, हलाल फार्मा क्षेत्र- 8,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर; हलाल कासमेटिक क्षेत्र- 6,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि हलाल प्रमाणित व्यापार यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो वर्ष 2023 तक हलाल अर्थव्यवस्था का अनुमानित व्यापार 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा, जोकि विश्व के कई विकसित देशों जैसे कनाडा, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, इटली, स्पेन, आदि के सकल घरेलू उत्पाद से भी कहीं अधिक होगा। विश्व में चूंकि मुस्लिम मतावलंबियों की संख्या बहुत अधिक है अतः अब विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं को धर्म के आधार पर बेचे जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि मुस्लिम मतावलंबियों द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं को मुस्लिम संस्थानों द्वारा ही निर्मित किया जा सके एवं अगर अन्य धर्मों को मानने वाले अनुयायियों द्वारा इन उत्पादों का निर्माण किया जाता है और यदि वे अपने उत्पादों को मुस्लिम मतावलंबियों के बीच बेचना चाहते हैं तो उनके लिए भी हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक हो जाए। इस प्रकार, विभिन्न उत्पाद निर्माण करने वाली कम्पनियों को अपने व्यापार का विस्तार करने के उद्देश्य से हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र लेना अब एक आवश्यकता बन चुका है। भारत में तो कई मुस्लिम बुद्धिजीवियों द्वारा पतंजलि संस्थान द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक उत्पादों को मुस्लिम मजहब के अनुयायियों द्वारा उपयोग किए जाने को निरुत्साहित किया जाता है एवं केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं के उपयोग हेतु ही प्रेरणा दी जाती है।

पूरे विश्व में 50 से अधिक इस्लामी देश हैं एवं मुस्लिम मजहब को मानने वाली बहुत बड़ी आबादी इन देशों में निवास करती है अतः गैर इस्लामी देशों की कम्पनियों को भी हलाल प्रमाणित उत्पाद ही इन देशों को भेजने होते हैं। वैसे तो हलाल प्रमाणित वस्तुओं का चलन इस्लामी देशों में बहुत लम्बे समय से चला आ रहा है। परंतु हाल ही के समय में इसका कार्य क्षेत्र बढ़ाकर इसे गैर इस्लामी देशों में भी तेजी से फैलाया गया है अर्थात मुस्लिम मजहब के मतावलंबियों को यह प्रेरणा दी जाती है कि वे केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं का ही उपयोग करें।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सीसीएल सिरका खुली खदान से कोयला उत्पादन होगा शुरु, तैयारी में जुटा प्रबंधन

### वर्तमान में लोकल सेल के माध्यम से कोयला बेचेगी कंपनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा प्रक्षेत्र के परियोजना सिरका को सीटीओ मिलने के बाद स्थानीय प्रबंधन कोयला उत्पादन करने के लिए तैयारी में जुटा हैं। मंगलवार को खदान एक नंबर में बिजली पंप स्विच व अन्य कलपुर्जों को व्यवस्थित करने का कार्य किया गया। प्रबंधन ने दो से तीन दिनों के अंतराल में कोयला उत्पादन कर फिलहाल लोकल सेल के माध्यम से कोयले को कंपनी हित में बेचने का संकेत दिया हैं। वहीं कोयले उठाव के लिए कोयला डीओ आने के बाद लोकल सेल से कोयला ले जाने की व्यवस्था बन पाईगी।



**पुराने खदान से पहले उठेगा करीब 38 लाख टन कोयला ओबी**

प्रबंधन सूत्रों की माने तो बीते वर्ष 2019 के पुराने खुली खदान में पड़े मिट्टी से ढ़के कोयला ओबी उठाने का कार्य किया जाएगा। इसमें अनुमान है कि करीब 38 लाख टन से भी अधिक कोयला उत्पादित होगा। जबकि नये खदान पैच से लगभग 20 लाख टन से भी आगे उत्पादन होने की संभावना हैं।

**नेता श्रेय लेने के लिए कर रहे प्रचार**

सिरका सीटीओ मिलते ही सोशलमीडिया के माध्यम से श्रेय लेने के होड़ में खास यूनियनो के नेता प्रचार आरंभ कर चुंके हैं। इसमें प्रबंधन अधिकारियों को छोड़ नेताजी को सहयोग करने वाले सदस्य लगातार गुणगान करने में लगें हैं। वहीं दूसरी ओर लोग सीटीओ आने की प्रक्रिया व प्रबंधन के सकारात्मक पहल को भलीभांति समझ रहें हैं।

**करीब पांच से सात हजार मजदूरों की जुड़ी है रोजी–रोटी**

लोकल सेल सिरका में बताया जाता हैं कि तकरीबन पांच से सात हजार गाड़ी भरने वाले मजदूरों का दंगल 515 ग्रुपों में बंटा हुआ हैं। जिन्हें लोकल सेल से साढ़े चार साल बाद रोजीरोटी मिल पाएगी। इधर इससे पूर्व भाकपा माले ने सात हजार लोकल सेल कामगारों को रोजगार सेल से जल्द खोलकर देने की मांग किया था।

## श्री श्री पठवा हनुमान मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट का 38 वां स्थापना दिवस समारोह 29 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी मैं श्री श्री पठवा हनुमान मंदिर का 38 वां स्थापना दिवस समारोह 29 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में 24 घंटा तक चलने वाले अखंड हरि कीर्तन की समाप्ति के पश्चात दिन में हनुमान मंदिर समारोह के द्वारा आयोजन किया जाएगा मंदिर स्थापना समारोह के अवसर पर 29 नवंबर को दिन में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूडी, सब्जी, बुंदिया खीर एवं भोग प्रसाद का वितरण होगा जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है संध्या के समय 7ः00 से कलाकारों द्वारा धार्मिक जागरण प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें एक से बढ़कर एक धार्मिक गीत प्रस्तुत किए जाएंगे तमाम रजरप्पा प्रोजेक्ट एवं आसपास के ग्रामीणों से अपील किया गया है कि पावन अवसर पर स्थापना दिवस में हजारों की संख्या में शामिल अमृत रूपी प्रसाद ग्रहण कर और पुण्य के भागी बने इस मौके पर हनुमान मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थापना दिवस समारोह के अध्यक्ष कुलदीप सिंह(मुखिया) ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई है जिसे हर्ष और उल्लास के साथ 29 नवंबर को धूमधाम से मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाएगा ।इस मौके पर उमेश महतो, शंकर प्रसाद, तारा प्रसाद, विजय ठाकुर, प्रकाश यादव सुनील कुमार, भोला कुमार नवीन कुमार ,अमित टाटी मिंटू कुमार अर्जुन सिंह संदीप कुमार, अलबेला बाबा, नागा बाबा, मिंटू बाबा,कई लोग उपस्थित थे।

## सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : ममता देवी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** रामगढ़ जिले के अति-सुदूरवर्ती पंचायत बरलंगा रेलवे स्टेशन समीप के मैदान मे मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ममता देवी उपस्थित थी।मुख्य अतिथि को बीडीओ संजय शांडिल्य व सीओ समरेश प्रसाद भंडारी ने बुके देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक ममता देवी,बीडीओ संजय शांडिल्य जिप सदस्य रेखा सोरेन के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ममता देवी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही सरकार की सोच है।ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले।ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने।आगे उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार के समय ग्रामीण प्रखंड का चक्कर लगा लगा कर थक जाते थे।लेकिन हमारी सरकार ने निश्चय किया की अब सरकार गांव कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान करेगी।इसके अलावे सरकार ने किशोरियों को सावित्रीबाई फुले योजना में जोड़कर उनके खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाऐग।शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए थे ।

## रेल टेका आंदोलन का कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा ने किया समीक्षात्मक बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड में कुरमी /कुड़मी विकास मोर्चा का बैठक झिझरीटांड़ के इंडियन पब्लिक स्कूल मगनपुर में रखा गया। जिसकी अध्यक्षता नव कुमार महतो एवं संचालन कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि कुरमी/ कुड्मी विकास मोचो के केन्द्रिय अध्यक्ष शीतल आहेदार एवं विशिष्ट अतिथि कुरसी/ कुडमी विकास मोचो के केन्द्रिय उपाध्यक्ष प्रदीप महतो उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से रेल टेका का समीक्षा किया गया। वही कमेटी का विस्तार करते हुए सात पंचायत का पंचायत प्रभारी बनया गया। बैठक में कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा मोराबादी मैदान रांची में 18 फरवरी 2023 को एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शीतल ओहदार ने कहा कि सरकार हमलोगों की लम्बे समय से चली आ रही मांगो पर विचार करने की बात कही है। सरकार पंद्रह दिन का समय लिया है। यदि ससमय मांगो को पूरा नही करती है तो दिल्ली के केंद्रीय कार्यालय का कुरमी/ कुड़मी समाज जोरदार घेराव करेगी। मौके पर संतोष महतो, अशेष कुमार महतो, अकाश कुमार बादल, रणधीर कुमार, बसरिया, अभिषेक कुमार, बीसू महतो, तीजू महतो, सुरेंद्र महतो एवं सैकड़ों समाज के लोग उपस्थित थे।

## विधिक जागरुकता शिविर के बैनर तले गोला ब्लॉक के उप्रावि कमता में प्रभात फेरी तथा विधिक जागरूकता कैंप का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता शिविर के बैनर तले गोला ब्लॉक के उ. प्रा. वि. कमता में प्रभात फेरी तथा विधिक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। पीएलवी बिरेंद्र कुमार पाठक ने बच्चो को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के बारे में जानकारी दी, हमारे मौलिक अधिकार और कर्तव्य के विषय में बतलाया, साथ ही शिक्षा महत्व को समझाया कि हमें पढ़ लिखकर अपने लक्ष्य तक पहुंचना है, औरएक अच्छा नागरिक बनाना है, व्यवहार न्यायालय, उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, इसके बारे में भी बताएं। व्यवस्थापिका का काम कानून बनाना ,कार्यपालिका का काम कानून लागू करवाना और न्यायपालिका का काम न्याय करना है यानी कि जो कानून को तोड़ता है उसे दंड देना है। अपने राष्ट्रध्वज तिरंगे के विषय में भी जानकारी दिया तिरंगे में कितने रंग है और उसके तीनों रंगों का क्या महत्व है और चक्र हमे क्या सिखाता है , बच्चो से प्रश्नोत्तर कर अधिकाधिक ज्ञान लाभ दिया।हमारे देश के भविष्य का उत्साह देखने लायक था

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महामहिम ओडिसा सह पूर्व मुख्य मंत्री झारखंड रघुवर दास पर दिए हेमंत सोरेन के द्वारा आपत्तिजनक बयान के विरोध में भाजपा रामगढ़ जिला ओबीसी मोर्चा के तत्वधान में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नमेंद्र चंचल के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाई कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर हेमंत सोरेन मुर्दाबाद के नारों के साथ पुतला दहन किया जिसमे मुख्य रूप से जिला मंत्री वसुध तिवारी,निवर्तमान नगर अध्यक्ष सह वरिष्ट भाजपा नेता राजीव पामदत्त,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर,विजय जयसवाल,रोबिन गुप्ता,राजेश ठाकुर,मणिशंकर ठाकुर,जनक प्रसाद,त्रिभुवन यादव,शिवकुमार गुप्ता,नवल शर्मा,सुनील बरनवाल, जमोहन महतो, दसों महतो,प्रकाश केसरी इत्यादि लोग शामिल रहे।



## गोला चाडी गांव में दस्तारबंदी प्रोग्राम का आयोजन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला चाडी गांव में दस्तारबंदी का शानदार प्रोग्राम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व रामगढ़ प्रत्याशी बजरंग महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष आ वी ज़ोया परवीन का बुके व शाल दे कर संचालन कमिटी द्वारा भव्य स्वागत किया। मौके पर एक बाद एक तक़रीर किया गया जिसके बाद सात बच्चों द्वारा क़ुरआन ख़त्म यानी हफ़ीज़ ए क़ुरआन बनने पर बच्चों को सम्मानीत करते हुए अलग अलग जगह से आये मौलाना व अलीम अतिथियों ने पत्र सौंप कर बच्चों को हफ़ीज़ ए क़ुरान बनने पर बधाई दी। इस दौरान कमिटी के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक ज़िला कमिटी के ज़िला उपाध्यक्ष इसराइल अंसारी जी एवं गोला प्रखंड अध्यक्ष माशूक़ अली एवं अन्य संचालनकर्ता के द्वारा सभी का स्वागत किया गया। मौके अल्पसंख्यक के ज़िला उपाध्यक्ष वाहिद अली, उपाध्यक्ष मो आशिक़, महासचिव रहमान ख़ान, मीडिया प्रभारी शमीम शैख़ सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।



# शत प्रतिशत बिरहोर परिवारों को मतदाता सूची में शामिल करना करें सुनिश्चित : डीसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत में बिरहोर व आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा प्रखण्ड के ग्राम चटनियां पहुंच कैंप का निरीक्षण किया। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व बी.एल.ओ. से अभी तक भरे गए फार्म 6 की विस्तृत जानकारी ली। वहीं ठंड को देखते हुए उन्होने बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल का वितरण किया।उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों के स्वास्थ्य जांच हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य जांच कैंप का जायजा लिया। जांच कैंप में उपलब्ध दवाओं की उन्होने जांच किया और निर्देशित किया कि कैंप में बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच शत प्रतिशत करें और अगर जांच के क्रम में वैसे मरीज पाए जाते है जिनका इलाज कैंप में संभव नहीं है तो उसे अविलम्ब सदर अस्पताल रेफर करते हुए समुचित इलाज कराना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात गिद्धौर प्रखण्ड के जपुआ बिरहोर टोला पहुंच कर बीएलओ द्वारा नए मतदाता को जोड़ने हेतु किए जा रहे कार्यों का विस्तृत जानकारी लिया। वहीं मौके पर उन्होने बिरहोर परिवारों के बीच कम्बल का वितरण किया।पत्थलगडा प्रखण्ड के बरवाडीह पंचायत के शीतलपुर बिरहोर टोला में पहुंच उपायुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

## योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार ने गरीबों के बीच गर्म कपड़े बांटे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार ने मंगलवार को चंदवा प्रखंड के लाधूप पंचायत अन्तर्गत हेसला गांव में अपने निजी खर्च से 45 असहाय गरीबों के बीच स्वेटर, कम्बल का वितरण किया। श्री कुमार ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। कड़ाके की ठंड में राहत पहुँचाना पुनीत कार्य है। मेरा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। वंही इस ठंड में गर्म कपड़े पाकर बच्चे व बुजुर्ग काफी प्रसन्न दिखे।उन्होंने कृष्ण कुमार को इसके लिए धन्यवाद दिया और कहा कि समाज में बहुत कम ऐसे लोग हैं जो समय पर लोगों की मदद किया करते हैं।

## क्षेत्र में किसानों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं जंगली हाथी : जतरु



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के माल्हन,केकराही और मरमर गांव में बीती रात जंगली हाथियों द्वारा दर्जनों किसानों के खेत में लगे धान के फसल को बर्बाद कर दिया है। जंगली हाथियों के द्वारा पहुंचाये गए नुकसान की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा भूक्त भोगी किसानो से मिल घटना की जानकारी ली। उन्होंने हाथियों द्वारा पहुंचाए गए नुकसान पर वन विभाग से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है। मुखिया जतरु मुंडा ने कहा कि प्रतिदिन शाम ढलते ही गांव में जंगली हाथियों का प्रवेश होता है। विकट परिस्थितियों में बहुत मेहनत के बाद किसान धान की फसल लगा पाए हैं और जब धान काटकर भंडारण करने का समय आया है तो जंगली हाथियों के द्वारा फसल नष्ट एवं बर्बाद कर किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा हैं। ऐसे में किसान मदद मांगने आखिर किसके पास जाए।बीते कई वर्षों से हाथी क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं लेकिन वन विभाग के द्वारा अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वन विभाग अगर जल्द ही इस विषय पर उचित कदम नहीं उठाती है तो मजबूरन किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। मौके पर भीम गंझू, लालजी गंझू, अर्जून गंझु, लंगड़ा गंझू, पुजरा गंझू, शिबू लोहरा, बुधन लोहरा, दिलीप गंझू, भीम गंझु,हरिबंस गंझू आदि मौजूद थें।

## युवा समाजसेवी ने की बैठक, यज्ञ के आयोजन को ले की गई चर्चा

**लातेहर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के एक निजी होटल मे मंगलवार को युवा समाजसेवी राकेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई।बैठक मे सदर प्रखंड के सेमरी गांव मे यज्ञ आयोजन को लेकर विचार विमर्श की गई।तथा अन्य मौजूद ग्रामीणों के बीच यज्ञ आयोजन को लेकर चर्चा की गई।बैठक में यह निर्णय लिया गया की आगामी बैठक तीस नवंबर को आयोजित की जाएगी। जिसमें अध्यक्ष और समिति गठन कर जानकारी दी जाएगी।

## हंटरगंज मीरपुर और नवाडीह में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया

**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के मीरपुर और नावाडीह पंचायत सचिवालय में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में सीओ अरुण कुमार मुंडा,बीडीओ निखिल गौरव कामन कच्छप,मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव,मुखिया बसंती पन्ना,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बेचने पासवान एमओ अर्जुन कुमार, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर किया गया ।प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लगभग सभी विभागों के स्टाल लगाए गए ।प्रत्येक स्टॉल में संबंधित विभाग के फार्म लिए गए तथा मौके पर कुछ मामले को निष्पादित भी किया गया। आवेदन कर्ताओं ने अबुआ आवास के लग भाग दोनो जगह से एक हजार ,एवं जॉब कार्ड,राशन कार्ड , सावित्रीबाई फुले योजना, उज्ज्वला योजना,बृद्धा पेंशन,पशुपालन,कृषि विभाग मनरेगा योजना, सहित अनेको आवेदन जमा किए गए। सहकारिता विभाग,स्वास्थ विभाग, बैंक,राजस्व,समाज कल्याण,सामाजिक सुरक्षा और जेएसएलपीएस के लिए एक भी आवेदन।प्राप्त नहीं हुए।प्रखण्ड।स्तर।के 15 विभागों में से सिर्फ आठ विभागों के लिए आवेदन दिए गए हैं।नरेगा के एकतिस मामलों में से बीस का निस्पादन कर दिया गय है शेष 11मामले लंबित हैं।शिक्षा विभाग के सात मामलों में से सातों का निस्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया है।वहीं आपूर्ति विभाग के चौबीस मामलों में से सभी मामले लंबित है। बाल विकास परियोजना के भी सभी मामले लंबित हैं इसके अलावा उपस्थित अतिथियों के द्वारा गरीब एवं असहाय तथा कार्डधारियो के बीच कंबल धोती, साड़ी का वितरण किया गया। शिविर में पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर निरंजन कुमार निराला, बीटीएम मुकेश कुमार ,एटीएम राजेश कुमार ,पंचायत सेवक रोजगार सेवक प्रमोद कुमार,पंचायत के सभी डीलर एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

# उपायुक्त पहुंचे गिद्धौर, बिरहोर परिवारों से की मुलाकात, धोती साड़ी व कंबल का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जपुआ में जिला उपायुक्त अब्बू इमरान मंगलवार को पहुंचे। जहां स्थित आदिम जनजाति के परिवारों से मुलाकात किया। एवं उनके हाल-चाल के बारे में जानकारी लिए। बिएलओ के द्वारा मतदाता सूची से जुड़े व्यक्तियों की जानकारी लिया।व दो नए लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की बातें बिएलओ को कही।और बारह बिरहोर परिवारों के बीच जन वितरण प्रणाली के लाभार्थी को सोना सोरेन के तहत धोती साड़ी का वितरण किया। साथ ही साथ 22 बिरहोर परिवारों को कंबल दिया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी व एमो के अतिरिक्त प्रभारी हरिनाथ महतो पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा बीपीओ रामकुमार सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार आंगनबाड़ी सेविका बिएलओ उषा कुमारी मौजूद थी। लाभुक बुद्धू बिरहोर बुटीक बिरहोर देवंती बिरहोरिन मुनिता बिरहोरिन नेकी बिरहोरिन राजकुमार बिरहोर रेखा बिरहोरिन सेकमा बीरोहरी सोनी कुमारी सुदानी बिरहोरीन सुनीता बिरहोरीन विजय बिरहोर का नाम शामिल है।

# उरैली में मनरेगा योजना की सामाजिक अंकेक्षण के बाद की जन सुनवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रखंड के उरैली पंचायत सचिवालय में जेएसपीएस के सीसी सुनील पासवान की अध्यक्षता मनरेगा योजना से संबंधित समाजिक अंकेक्षण सह जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में पलामु जिला के डीआरपी अशरीता तीर्की भी मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2021-22 एवं 23 में बने विभिन्न प्रकार के योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण के वाद की जन सुनवाई किया गया। अंकेक्षण टीम ने मनरेगा योजना का कार्य स्थल का जांच प्रतिवेदन ज्युरी मेंवर के समक्ष रखा गया। जिसमे टीसीबी, मेढ़बंदी, डोभा, तालाब, कूप निर्माण, आम बागवानी, मुर्गी शेड, बकरी शेड सहित अन्य प्रकार की योजनाओं का सोशल ऑडिट स्थल पर जाकर गहनता से जांच किया गया। एक सप्ताह के अंदर मनरेगा योजनाओं की त्रुटियां को सुधारने का मौका दिया गया है। कई योजनाओं में त्रुटि पाये जाने पर संबंधित पदाधिकारियों को दंडित किया गया।इस मौके पर मुखिया संजय सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, ज्युरी मेंवर सर्जन यादव, जयद्रथ, सिंह, जेएसपीएलएस सदस्या रंजु देवी के अलावा उप मुखिया विवेक कुमार सिंह, पंचायत सेवक योगेश कुमार, सोशल ऑडिटर बीआरपी बबलू चौधरी, बीआरपी बिंदु कुमार, परवेज अख्तर, मुकेश कुमार प्रजापति, अनीता देवी, माया देवी,अखिलेश यादव के अतिरिक्त दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त पहुंचे प्रखण्ड कार्यालय, किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखण्ड कार्यालय में मंगलवार को उपायुक्त अबु इमरान पहुंचे और प्रखण्ड का लेखा जोखा बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की विधि व्यस्था के साथ कर्मियो की उपस्थिति को देखा। इस दौरान उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि अधिकारी व कर्मी समय पर कार्यालय पहुंचकर अपना कार्य करें।मौके पर बीडीओ हरिनाथ महतो, नाजिर रामदेव ठाकुर सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ ने किया सामग्रियों का वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सीआरपीएफ की 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी के निर्देश पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गुमला जिले के डुमरी में ए-214 बटालियन परिसर में ग्रामीणों के बीच सिलाई मशीन, पठन-पाठन सामग्री, स्कूल बैग व युवाओं के बीच खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर कमांडेंट केडी जोशी ने कहा कि सीआरपीएफ के द्वारा विभिन्न अवसरों पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीणों समन्वय स्थापित करने एवं एक सोहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना है. सीआरपीएफ लोगों के सुख व दुख में हमेशा सहभागी रहती है और उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने युवाओं से अपनी उर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने एवं समाज के मुख्यधारा से जुड़ कर रहने की अपील की।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, स्वीप का विस्तार चुनाव कार्यक्रम एवं प्री फिल्ड फार्म 6 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में ई विद्या वाहिनी के आधार पर विद्यालयों के छात्रों का भरे गए फार्म का सत्यापन करते हुए 30.11.2023 तक अंतिम रूप से प्रखण्ड कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा जितने भी नए मतदाता है जो 18 वर्ष का उम्र अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024, 1 अप्रैल 2024, 1 जुलाई 2024, 1 अक्टूबर 2024 को पूर्ण कर रहे है उन सभी नए मतदाताओं का फॉर्म 6 भरवाने का निर्देश दिया गया।

## मनिका व लातेहार सीट पर चुनाव लड़ेगा राजद : रामप्रवेश



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आसन लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसी को लेकर मंगलवार को लातेहार राजद प्रभारी सह ओबीसी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी लातेहार पहुंचे और लातेहार राजद नेताओं से पार्टी की जमीनी स्थिति से अवगत हुए। साथ ही संगठन को जिले में मजबूत बनाने और धार देने के लिए करकट स्थित जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता लातेहार जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रामनाथ चंद्रवंशी, चंद्रिका यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्षण यादव उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि लातेहार जिले में ओबीसी के लिए आरक्षण शुन्य है। हम जिले में ओबीसी समूदाय को 27 फीसदी आरक्षण दिलाने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग मनिका और लातेहार विधानसभा की तैयारी कर लिए हैं लातेहार जिला राजद का जनाधार वाला जिला रहा है।इसको हम लोग मजबूत रूप में जनता के सामने जा रहे हैं।जिला प्रभारी सह ओबीसी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी ने कहा कि राजद के कार्यकर्ता तैयारी शुरू कर दें। हम चतरा लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी। साथ ही चंद्रवंशी ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती है और ओबीसी की आरक्षण लातेहार जिला में दिलाने के लिए हम लोग प्रयासरत है और जाति आधारित जनगणना के हम मांग करते हैं।जिस जाति को जितनी संख्या भागीदारी उतना उस जाती को अधिकार मिलना चाहिए। बैठक में मनिका विधानसभा के भावि प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने कहा कि मनिका के लोग राजद के विचारधाराओं वाला क्षेत्र है और रहेगा। इसका जीता जागता प्रमाण यह है कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने राजद के प्रत्याशी को कई बार विधायक बना चुके हैं।लातेहार विधानसभा के भावी प्रत्याशी सुरेश राम ने कहा कि राजद गरीब गुर्वा कमजोरो समाजीक न्याय की पार्टी है और उनके हक अधिकार के लिए राजद लड़ती है और लड़ते रहेगी। लातेहार में कई महत्वपूर्ण समस्याओं के लिए राजद जन आंदोलन करेगी।बैठक में वरिष्ठ नेता देवबंश यादव ,वरिष्ठ नेता बली यादव, प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव दीपक नाथ शाहदेव, प्रदेश सचिव ब्यास यादव, जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव ,जिला सचिव दामोदर यादव,आदि थे ।

# आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम जबड़ा में पहुंचे एलपीजी गैस वितरक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के जबड़ा पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बिंदेश्वरी एचपी गैस ग्रामीण वितरक द्वारा एलपीजी पंचायत और उज्जवला लाभुकों को निः शुल्क गैस कैनेक्शन का वितरण किया गया। जहां दर्जनों लाभुक गैस कनेक्शन लेकर खुश हुए। बता दें कि झारखण्ड सरकार द्वारा जिले के सभी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हालांकि सरकार का अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी जा रही है। किंतु अन्य कामों में ग्रामीणों का दिलचस्पी नहीं दिख रही है। चुकी वही ढोल वही आवाज। झारखण्ड सरकार द्वारा जरूर कहा जाता है कि किसी भी समस्या को त्वरित कार्रवाई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हीं की जाती है। परंतु ऐसा होता नहीं हकी महज दिखावे के लिए अन्य कार्यो के लिए आवेदन तो ली जाती है परंतु वह रद्दी टोकरी में गुल हो जाता है। पिछले वर्ष भी झारखण्ड सरकार द्वारा यह योजना चलाया गया था किंतु सब महज दिखावा साबित हुआ। यह योजना इस लिए पंचायत स्तर पर चलाया जाता है कि जो ग्रामीण प्रखण्ड कार्यालय तक नहीं पहुंच पाता है। और वह सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाता है।जो पंचायत स्तर पर लगाया गया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंच कर अपना सभी तरह का सरकारी लाभ ले सके।

# स्वास्थ्य सहियाओं के साथ की गई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ अशोक बड़ाइक के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सहियाओं के साथ बैठक की गई. बैठक में मुख्य रूप से परिवार नियोजन पर चर्चा करते हुए बीटीटी हीरामन पांडेय व दिलीप दांगी, शांति देवी ने बताया कि प्रत्येक क्लस्टर से कम से कम 40 महिला व एक पुरुषों को बंध्याकरण करवाना अनिवार्य है. वही स्वास्थ्य सहियाओं को अपने-अपने कार्य क्षेत्र का भीएचएनसी, संस्थागत प्रसव, एएनसी, पीएलए बैठक टीकाकरण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की गई. चर्चा के दौरान कार्य से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया. साथ ही बताया कि 30 नवंबर को बालूमाथ सीएचसी केंद्र भवन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें निशुल्क सभी बीमारियों का इलाज व दवा उपलब्ध किया जाएगा. बालूमाथ बारियातू व हेरंज प्रखंड के सभी सहियाओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप अपने कार्यक्षेत्र से कम से कम पांच मरीज को चिन्हित करते हुए स्वास्थ्य मेला में लाकर निशुल्क दवा और इलाज का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें. मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, सहिया साथी गौरी देवी, रेखा देवी माया देवी, सईया की किरन्ति देवी, पूनम देवी, हलीमा खातून, सुनीता देवी, पार्वती देवी सहिया काफी संख्या में सहिया उपस्थित थे.

## विशेष शिविर का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरियातू :** प्रखंड के फुलसु मुक्की बिरहोर क्लोनी व शिबला पंचायत के जीरहुल में बिरहोर आदिम जनजाति परिवार को मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर वीडियो प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया. बूथ संख्या 45 और 37 में पहुंचकर 18 वर्ष से के आयु वाले मतदाताओं को नाम जोड़ने के लिए मुक्की में एक मतदाता शिबला के जिरहुला में पांच लोगों कुल 6 लोगों को चिन्हित किया गया. मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर चंदन कुमार, प्रकाश कुमार,प्रेमनी देवी, सुधा देवी सहित कई बिरहोर आदिम जनजाति परिवार मौजूद थे।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के समीप बाजार टांड में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख कमला देवी, बीडीओ विपिन कुमार भारती, मुखिया मनोज कुमार साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अलग-अलग विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना।वही खाद्य सुरक्षा अधिनियम, समाजिक सुरक्षा कम्बल वितरण, समाजिक सुरक्षा धोती साड़ी वितरण, समाजिक सुरक्षा सर्वजन पेंशन, आजीविका, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना मनरेगा, वन विभाग, बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग(किसान क्रेडिट कार्ड), श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, भूमि सुधार,15 वीं वित्त, अबुआ आवास, स्वास्थ्य एवं पोषण, निर्वाचन, पशुपालन, मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग, बैंक, सीएससी, मनरेगा, पशुपालन एवं गव्य विकास, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, उज्जवला योजना समेत कई विभागों ने लोगो की समस्या निष्पादन को लेकर आवेदन लिए।वही शिविर में जेएसएलपीएस से सखी मंडल के बीच 15 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का चेक सौपा गया। कुल 1646 आवेदन प्राप्त हुवे जिसमें मौके पर 500 मामलें को निष्पादन कर दी गई।

## हेमंत कुमार का टुंडी प्रखंड झामुमो मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनयन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की ने अपने प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए हेमंत कुमार को टुंडी प्रखंड झामुमो मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनयन किया है सर्वविदित हो कि हेमंत कुमार के मनोनयन से टुंडी प्रखंड झामुमो काफी मजबूत होगा साथ ही इनके मनोनियन से टुंडी झामुमो के सभी वरिष्ठ नेताओं ने इनके मनोनयन पर बधाई दी है मौके पर लोलिन बास्की, मैनेजर हेंब्रम, नित्यानंद पांडे, इम्तियाज अंसारी, अकरम हुसैन, अरुण सिंह, सुमेत कई नेता उपस्थित थे।एक भेंट वार्ता में सभी नेताओं ने कहा कि ऐसे युवाओं को पार्टी में आने से पार्टी काफी मजबूत होगा।

## रन फॉर क्लीन एयर कार्यक्रम में 14 दिसम्बर को दौड़ेगा झरिया



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ग्रीन लाइफ एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण को लेकर मंगलवार को श्री राम लॉज में एक आवश्यक आम बैठक आयोजित की गई। जिसमे बड़ी संख्या में शहर वासियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। निर्णय लिया गया कि आगामी 14 दिसम्बर को झरिया में रन फ़ॉर क्लीन एयर का कार्यक्रम होगा। रन फ़ॉर क्लीन एयर का दौड़ चिल्ड्रेन पार्क से शुरू होकर कतरास मोड़ के नेहरू पार्क में समाप्त होगा। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए जगह जगह होर्डिंग पोस्टर लगाए जाएंगे। बैठक का संचालन डॉ मनोज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अखलाक अहमद ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक प्रतिनिधि के डी पाण्डेय ने कहा कि झरिया में प्रदूषण चरम पर है। इसके खिलाफ जोरदार लड़ाई की आवश्यकता है। आंदोलन को धारदार बनाने और लोगों को जागरूक करने के लिए रन फ़ॉर क्लीन एयर मील का पत्थर साबित होगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि झरिया के प्रदूषण को लेकर जल्द ही उपयुक्त एवं बीसीसीएल सीएमडी के साथ त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की जाएगी। कहा कि जयप्रकाश नारायण अकेले दम पर सम्पूर्ण क्रांति से सत्ता पलट कर दिए थे। अतः संख्या मायने नही रखता। बैठक में के डी पांडेय, राजकुमार अग्रवाल, डॉ नरेश प्रसाद, शिवबालक पासवान, श्रीकान्त अम्बष्ठ, बंटी जयसवाल, वीरेन्द्र निषाद, पिनाकी रॉय, अविनाश शर्मा, दिलीप आडवाणी, रिंकू शर्मा, झूलन सिंह,अरुण साव, अनिल जैन, आर सी पासवान, सत्यनारायण भोजगाड़िया, अनूप लिल्हा, बीरेन्द्र निषाद, मो खदिर, बीरेंद्र कुमार सिंह, मो शाहनवाज खान, पिंकू चंद्रबंशी, बी डी कुमार, मनीष सिंह, अखलाक खान, जीतेन्द्र कुमार, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद आदि मुख्य रूप से अपने विचार रखे।

## बिना टिकट यात्रियों पर लगाम लगाने के लिए अभियान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद स्टेशन में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 71 यात्रियों को पकड़ा गया। जिसमें बिना टिकट, अनियमित टिकट, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाले यात्री शामिल हैं। इस दौरान उनसे 19,925 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। जांच अभियान के दौरान मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/टिकट चेकिंग सहित सीटीआई, सीआईटी एवं बड़ी संख्या में टीटीई, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौजूद थे। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान धनबाद स्टेशन परिसर के साथ साथ स्टेशन में उपस्थित गाड़ियों में भी चेकिंग की गई। इस तरह की चेकिंग धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें।

## मायुमो ने मनाया शहीद शक्ति नाथ महतो का शहादत दिवस



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहीद शक्ति नाथ महतो की शहादत दिवस शक्ति चौक में मनाया गया। इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने शहीद शक्ति नाथ महतो की आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि शोषित-पीड़ित दबे कुचले वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए शहीद शक्ति नाथ महतो ने जोरदार संघर्ष किया। मुनीडीह कोलियरी में कार्यरत शक्ति नाथ महतो ने मजदूरों को सूदखोरों एवं माफिया शक्तियों से आजाद कराने तथा न्यूनतम मजदूरी दिलाने के लिए चरणबाद आंदोलन का बिगुल फुका। शिवाजी समाज के माध्यम से बाल विवाह, दहेज़ प्रथा एंव नशा उन्मूलन के खिलाफ मुहीम चलाया। लोगों को शिक्षित करने के लिए रात्रि पाठशाला का शुभारंभ किया। आज कोयलांचल में हजारों शक्ति नाथ महतो ने जन्म लिया है जो उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए संकल्पित है। श्रद्धांजलि सभा में मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, प्रदीप लाला, चंदन महतो, वनोद, कुलदीप, गणेश, संजय, भोला , प्रदीप आदि शामिल थे।

# 32 हाथियों के झुंड ने मचाया तांडव किसानों को भारी नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया/गिरीडीह :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के रतनाडीह में 32 हाथियों की झुंड गत रात को तांडव मचाया।

ग्रामीणों ने आतिशबाजी ओर मशाल जलाकर गांव से खदेड़ा लेकिन हाथियों ने खेतों व खलियानों में रखा धान का बीड़ा को मशलते हुए धान चट कर गया इसके साथ ही खेतों में किसानों के चारदीवारी को तौड़ते हुए सब्जियों को रौंद दिया जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हुई हैं। ज्ञात हो कि सरिया बगोदर क्षेत्र में लगातार हाथियों की झुंड से लोग परेसान हैं विगत दिनों सरिया के आश्रम रोड, चौधरीडीह, चन्द्रमारणी, चिचाकी, चिरुवां, नावाडीह में हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया हैं जिससे ग्रामीण काफी परेसान हैं बावजूद हाथियों के भगाने के लिए कोई समुचित व्यवस्था वन विभाग के द्वारा नही की गई। इससे लोगों में भय व्याप्त हैं।

रत्नाडीह में किसानों के फसल बर्बाद होने पर किसानों को भारी नुकसान हुआ हैं इस बाबत मुखिया प्रतिनिधि सुनील साव ने बताया कि लगभग 15 खलिहान में धान के बीड़ा को रौंदते हुए बर्बाद किया गया हैं जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ हैं विभाग को आवेदन देकर सूचना दिया जाएगा और राहत हेतु मुवावजा का मांग किया जाएगा ताकि किसानों को कुछ राहत मिलें। बीरेंद्र महतो, दुलारी देवी, डेगनारायण महतो, सुरेश प्रसाद, अवध किशोर प्रसाद, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, कृपा महतो, भोला महतो समेत अन्य किसानों को भारी नुकसान हुआ हैं।

## गिरिडीह पुलिस ने किया दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने बेगाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महदईया में कुछ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया की गिरिडीह पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि महदईया में कुछ साइबर अपराधी लोगों से ठगी कर उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं। वे गर्भवती महिलाओं के मो नं पर कॉल कर उन्हें मातृत्व सेवा का लाभ दिलाने कि बात कर रिमोर्ट एक्सेस ऐप Alpemi&/Any Desk/Team viewer आदि का लिंक भेजकर इस्टॉल करवा कर ठगी करते हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में छोटू मंडल ओर अजय मंडल का नाम शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 2 मोबाइल फ़ोन ओर 4 सिम भी बरामद हुआ है।

## सिकंदराबाद और दानापुर, हैदराबाद-सिकंदराबाद तथा रक्सौल के बीच परिचालित की जा रही स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :**यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा दानापुर और सिकंदराबाद तथा रक्सौल और हैदराबाद/सिकंदराबाद के बीच स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । छठ के उपरांत यात्रियों की भीड़ एवं इन स्पेशल ट्रेनों के प्रति यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए रेलवे द्वारा इनके परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। 1. गाड़ी संख्या 07419 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल ट्रेन-वर्तमान में सिकंदराबाद और दानापुर के बीच दिनांक 25.11.2023 तक गाड़ी संख्या 07419 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । इसे अब 02.12.2023 से 27.01.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलाने का निर्णय लिया गया है ।

2. गाड़ी संख्या 07420 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन - वर्तमान में दानापुर और सिकंदराबाद के बीच दिनांक 27.11.2023 तक गाड़ी संख्या 07420 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । इसे अब 04.12.2023 से 29.01.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 07419/07420 सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल में 2AC का 02 कोच, 2A cum 3A का 01 कोच, 3A के 05 कोच, शयनयान के 10, साधारण श्रेणी के 04 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 24 कोच होंगे ।

3. गाड़ी संख्या 07051 हैदाराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन - वर्तमान में हैदराबाद और रक्सौल के बीच दिनांक 25.11.2023 तक गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । इसे अब 02.12.2023 से 27.01.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलाने का निर्णय लिया गया है ।

## सक्सेस स्टोरी : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

## गीता देवी को एक घंटे में मिला वृद्धा पेंशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आज गोविंदपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रतनपुर पंचायत की गीता देवी को एक घंटे में वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। गीता देवी ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में आज शिविर का आयोजन किया जा रहा है तो सुबह पहुंचकर पेंशन के लिए अपना आवेदन जमा किया। लगभग 1 घंटे के भीतर उनका पेंशन स्वीकृत हो गया।



गीता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि प्रतिमाह पेंशन मिलने से कई जरूरी कामकाज वो निपटा सकेंगी।

## झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन पहुंचे धनबाद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद धनबाद पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव वैभव सिन्हा सहित कांग्रेस जनों के साथ बस्ताकोला, मटकुरिया, गौशालाओं का निरिक्षण किया। मौके पर रत्नेस यादव, गौतम पासवान, गोपाल निषाद, मुरली धर पोद्दार, सारदा सिंह, महेंद्र कुमार अग्रवाल, द्वारिका प्रसाद गोएनका, शिव प्रसाद खेमका, अनील खेमका, राजेश सिंह, अजय भारतीय, जितेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## बिरनी का जितेन्द्र बेहतरीन प्रदर्शन और समाज सेवा के लिए हुआ सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा ओ. पी. जे. ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन 2023 में मुख्य अतिथि फिलिस्तीन देश के महामहिम कॉउंसलर बेसेम एफ. हेलीस, संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार एवं श्री सुरेश वर्मा पुलिस अधिकारी गृह मंत्राल , भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से जितेन्द्र कुमार को बेहतरीन मिमिक्री प्रस्तुति करने के लिए सम्मानित किया गया बताते चले की जितेंद्र कुमार 28 जनवरी 2023 को 36वें अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में मिमिक्री में तृतीय स्थान प्राप्त कर रांची विश्वविद्यालय रांची सहित पूरे



झारखंड का नाम देश भर में रोशन कर चुके हैं। जितेन्द्र कुमार पिछले 1वर्ष से एनएचआरसीसीबी में बतौर प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार जी के दिशाङ्कनिर्देश में मानवाधिकार के विभिन्न क्षेत्रों समेत कई राष्ट्रीय कार्यक्रम में टेक्निकल सदस्य के रूप में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं, प्रतीभा के धनी जितेन्द्र कुमार संसद भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ युवाओं के साथ परिचर्चा कार्यक्रम में भी हिस्सा लेकर बिरनी गिरीडीह का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा चुके हैं। जितेन्द्र कुमार ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा कि यह काफी गर्व का विषय है कि मुझे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही हैं यह सब पढ़ाई के साथङ्क साथ समाजसेवा और अपने हुनर को प्रदर्शन करने के लिए हैं, इसके लिए मैं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार समेत अपने पिता श्री नागेश्वर प्रसाद, गुरु श्री दीपक झा समेत सभी परिवारजनों और साथियों का बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन संपन्न, कई अंतराष्ट्रीय,राष्ट्रीय अतिथि हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ( एन एच आर सी सी बी ) के द्वारा 26 नवंबर, 2023 को दिल्ली के ओ पी जिंदल ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन डॉ रणधीर कुमार के कुशल अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस अधिवेशन में प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस तलवंत सिंह एवं एंबेसडर ऑफ पीस श्री लोकेश मुनी जी शामिल हुए । वही समापन सत्र के मुख्य अतिथि महामहिम काउन्सलर, फिलिस्तीन, बेसेम एफ हेलीस की गरिमामय



मौजूदगी रही। इस अधिवेशन के विभिन्न सत्रों में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जीएसटी के प्रधान आयुक्त कृष्णा प्रताप सिंह,तिहाड़ जेल के डिप्टी अधीक्षक मनमोहन गौर, गृह मंत्रालय के पुलिस अधिकारी सुरेश वर्मा , सामाजिक सह मानवाधिकार कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव राजेन्द्र प्रसाद वर्मा एवं अन्य की गरिमामय उपस्तिथि रही कार्यकर्म का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।अधिवेशन को संबोधित करते हुए एम्बेसडर ऑफ पीस लोकेश मुनि ने कहा कि आज देश में मानव तस्करी सबसे बड़ा व्यापार बन हुआ है जिसे रोकना बेहद ही जरूरी है । वही दिल्ली उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जस्टिस तलवंत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मानवतस्करी रोकथाम एवं आदिवासी अधिकार का संरक्षण अभी के समय का बहुत बड़ा चैलेंज बन गया है इस मुद्दों पर अंतराष्ट्रीय पटल पर हम सभी को इसके रोकथाम हेतु व्यापक कार्य करने की जरूरत है।

## कांग्रेसी नेता शेख गुड्डू को गंगा गौशाला कमिटी ने किया सम्मानित



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री गंगा गौशाला कतरास करकेन्द प्रांगण में चल रहे शिव महापुराण कथा के समापन पर पहुंचे कांग्रेसी नेता शेख गुड्डू। श्री गुडडू गंगा गौशाला पहुंच कर गौ माता की पूजा अर्चना की। शिव महापुराण के कथा वाचक राष्ट्रीय संत डॉ दुर्गेशाचार्य महाराज से शेख गुड्डू ने राज्य की जनता के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। गौशाला कमेटी ने शेख गुड्डू को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। शेख गुड्डू ने कहा कि गंगा गौशाला हम पूर्वजों की धरोहर है। गौ माता की रक्षा करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। गौ माता बचेगा तो राष्ट्र बचेगा। मौके पर छात्र नेता चितरंजन कुमार सिंह, कार्तिक मोदक, मो रहमान, मो ख्वाजानुद्दीन आदि उपस्थित थे।

## भटमुरना में कोयला इस्पात मजदूर पंचायत कार्यालय का उद्घाटन संपन्न

## मजदूरों के लिए कार्यालय मील का पत्थर साबित होगा : महामंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** कोयला इस्पात मजदूर पंचायत कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को भटमुरना में महामंत्री अर्जुन सिंह ने फीता काटकर किया। आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए महामंत्री अर्जुन सिंह ने कहा की यह कार्यालय से गोविंदपुर क्षेत्र और आसपास के मजदूरों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कोयला इस्पात मजदूर संघ हमेशा मजदूरों के हित में संघर्ष करता रहा है। कार्यालय मजदूरों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जदयू के प्रदेश महासचिव व संगठन के अध्यक्ष दीप नारायण सिंह ने कहा कि कोयला इतिहास कोयला इस्पात मजदूर का इतिहास ही रहा है मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ना। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय सचिव राजीव रंजन त्रिवेदी, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, अवधेश सिंह, अशोक दास, गंगा प्रसाद शर्मा, सुभाष सिंह, गौतम गोप, शेखर कुमार, सुभाष सिंह, प्रिंस कुमार, कुंदन कुमार सहाय आदि उपस्थित थे।



## एसएससी ने कांस्टेबल (जीडी) के 26146 पदों पर भर्ती हेतु नोटिफिकेशन जारी किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा कांस्टेबल (जीडी) के 26146 पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी किया गया है। आवेदन करने का अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है तथा ऑनलाइन परीक्षा का संभावित तिथि फरवरी एवं मार्च आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कर्मचारी चयन आयोग के अधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। श्री मनन निःशुल्क ग्रुप एवं डिसकशन सेंटर से सफल छात्रा काजल कुमारी जिनका चयन



पूर्व में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कांस्टेबल (जीडी) के पद पर हुआ है। उनसे एक सामान्य बातचीत क्रम में बताया गया की एसएससी द्वारा आयोजित होने वाली कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा तीन चरण में आयोजित की जाती है। काजल ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा की प्रतिदिन पढाई के साथ साथ ग्राउंड जाकर रनिंग करना पड़ेगा तभी सफल होने का मौका मिलेगा। इस बार जीडी कांस्टेबल परीक्षा के लिए काजल कुमारी खुद मेंटर रहते हुए सीबीटी परीक्षा के तैयारी के साथ साथ शारीरिक जाँच परीक्षा की तैयारी करायेंगी। काजल कुमारी ने कहा की पिछले साल श्री मनन निःशुल्क ग्रुप के करीब 20 विद्यार्थियों का चयन कांस्टेबल जीडी के पद पर हुआ है।

# बदला में आयोजित हुआ आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत स्थित जतरा मैदान में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला बाल कल्याण पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, मुखिया सुजीता उराँव एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ कराया गया। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित अन्य कल्याणक योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। वही जिला बाल कल्याण पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार ने ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोग अधिक लें राज्य की जनता का विकास के लिये सरकार द्वारा विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। जिसे सभी जरूरतमंद व्यक्ति लाभ उठायें। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों का स्टॉल लगा हुआ है। आप सभी जनता को जो चीज की आवश्यकता है उसके लिये आवेदन प्रपत्र भर कर सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी के पास आवेदन जमा कर दें।

# सुरंग में फंसे मजदूरों की कुशलता के लिए विद्यालय परिवार ने ईश्वर से की प्रार्थना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उत्तरकाशी टनल (सुरंग) में फंसे 41 मजदूरों की कुशलता के लिए ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने बताया कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी चिन्याली सौड टनल (सुरंग) में पिछले 11 दिनों से कुल 41 मजदूर जो निर्माण कार्य में लगे हुए थे वे फंस गए हैं, इनमें 15 मजदूर झारखंड के हैं। उनको बचाने के लिए उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में एनडीआरएफ के जवान लगे हुए हैं। एस के झा ने कहा कि देश के सभी कोने में उनकी कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है। इसी संदर्भ में ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल परिवार के द्वारा भी सुरंग में फंसे मजदूरों की कुशलता और सुरंग से बाहर सकुशल आने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव का हुआ समापन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री हरि नाम रस अमृत महोत्सव का भव्य समापन रांची इस्कॉन से आए हुए श्री राधासूतदास प्रभु जी,श्री गोविंद देवदास प्रभु जी श्री सुमित प्रभु जी एवं अन्य वैष्णव भक्तों के द्वारा भव्य रूप से नाम संकीर्तन नृत्य वाद्य के साथ किया गया। जिससे रामपुर एवं आसपास के सभी गांव के ग्रामीण माता बहने एवं पुरुष भाई भक्ति भाव से विभोर हो गए। खासकर छोटे-छोटे बच्चों एवं माता के साथ समस्त वैष्णव भक्तों ने नाम संकीर्तन कर माहौल को और भक्ति में बना दिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मांडर विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर भाव बिफोर होकर वैष्णव भक्तों के साथ हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे राम हरे राम राम हरे हरे महामंत्र का संकीर्तन करते हुए उपस्थित ग्रामीणों से आह्वान किया कि हमारा जीवन आज धन्य हुआ कि आज हम सभी को इस भक्ति में पूर्ण माहौल में उपस्थित होकर जीवन को धन्य किया। साथ ही सभी ग्रामीणों में भक्तिमय माहौल बना पूर्णाहुति हवन में मुख्य मुख्य पुरोहित पंडित श्री विभाकर पाठक एवं प्रणव पाठक ने वैदिक मित्रों के द्वारा हवन आहुति दिलाया। यजमान कृष्णा चौधरी सपत्नीक कुंती देवी,अशोक साहू,शिवधन साहू, प्रफुल्ल कुमार साहू,प्रदीप साहू,बिगन महली, सूरज कुमार,रूपेश महली,रॉबिन साहू,भवेश ठाकुर,सूरज दसौंधी,आशीष कुमार,रितेश साहू, विनीत कुमार साहू,सोनू साहू,सीताराम साहू, पवन साहू,पप्पू,महावीर लोहार,पंडित लोहार, लक्ष्मण महली,सुखदेव लोहार,विनोद भगत, गुलशन लोहार,बलराम साहू,निरंजन साहू, गोवर्धन साहू,विकु कुमार,नरेंद्र सिंह,अमित सिंह,रोहित सिंह,शंभू सिंह,अमरिंदर प्रसाद सिंह,अरविंद साहू,उपेंद्र साहू,अमरिंदर लोहार, परी कुमारी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक श्यामसुंदर उरांव सहित हजारों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# रास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत वासुदेवराय महाप्रभु मंदिर कोराम्बे के प्रांगण में सोमवार रात्रि में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रास मेला सह नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा फीता काटकर प्रारम्भ किया गया। अयोजित सांस्कृति कार्यक्रम के दौरान स्काई म्यूजिकल ग्रुप सिमडेगा के कलाकारों चन्दन दास, उर्मिला महतो, सूरज कुमार, विनिता खलखो, भुनेश्वर सिंह, नमिता उराँव द्वारा भजन, गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। वही संगीत कार्यक्रम श्री हनुमान जी को नमन करते हुए गायिका उर्मिला महतो द्वारा मारुतिनंदन दुखभंजन सुन ले पुकार पवनसुत विनती बारम्बार भजन से प्रारम्भ किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान गीत संगीत व नृत्य के दौरान दर्शक देखकर झूमने नाचने पर विवश हो गये। वही मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने आयोजन कमिटी के कार्यकर्ता व दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शांति व सौहार्द के साथ कार्यक्रम करें और गीत संगीत तथा नृत्य का आनन्द लें परन्तु छोटे छोटे बच्चे और महिलाओं को आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसी तरह का व्यवधान न हो जिसका सतर्कता के साथ ख्याल रखेंगे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एक दिखावा : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एक दिखावा है जिस प्रकार से विगत 4 वर्षो से गहरी निद्रा में सोई हुई थी और अपने संपूर्ण चुनावी घोषणाओं के कोई कार्य नहीं किए। इसलिए सरकार डर हुई है अब जनता के पास गुमराह और भ्रम के शब्द परोसा जाए उसके लिए प्रयास किया जा रहा है। आज फिर जनता के सामने अपनी असफलता को छुपाने के लिए मुख्यमंत्री और उनके लोग सरकारी महकमा को लेकर इर्द-गिर्द घूम रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि इन्होंने सत्ता में बैठने से बाद आदिवासी जनजाति के लोगों को करोड़ों रुपए की ठेका देने की बात की थी उसमें कितने लोगों को दे पाए। युवाओं को प्रतिवर्ष 5 लाख सरकारी नौकरी देने की बात कही गई थी कितने लोगों को प्राप्त हुए। आदिवासी जनजाति, शहिदों के परिवार, माताओं बहनों की सुरक्षा, प्रदेश की सुरक्षा, शांति, उग्रवाद पर रोक, किसी भी प्रदेश के उत्थान का सबसे बड़ा मार्ग प्रशस्त करता है। उसमें कितने में सफल हुए मुख्यमंत्री को बताना चाहिए। भ्रष्टाचार को कितना रोक पाए। इस सरकार में भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांग दी प्रत्येक दफ्तरों में बिना चढ़ावा के कोई कार्य का निष्पादन नहीं हो रहा है यहां तक की जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी परिजनों को चढ़ावा देना पड़ रहा है। करोड़ों रुपए की योजनाओं का बंदर वाट खुलेआम हो रहा है। केंद्र सरकार गरीबों का राशन तो भेज रही है परंतु वही झारखंड की सरकार झारखंड में उसे राशन को पहुंचाने में असक्षम है।

## विधायक ने खोड़हा नृत्य मंडली के साथ पारम्परिक नृत्य किया



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नेहालू पंचायत के अघ्न जतरा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। यह जतरा महोत्सव आदिवासी समाज का एक पहचान है, इस जतरा महोत्सव में विभिन्न गाँवो के खोड़हा मंडली एवं लोग पहुँचते है और इस जतरा के माध्यम से आदिवासी समाज अपनी एकता और ताकत को दिखते है। सच मे आदिवासी समाज का रीति रिवाज व परम्परा दूसरे समाज से भिन्न है और बहुत सुंदर है। साथ ही इनके रहन सहन मे भी सादगी नजर आती है। इस जतरा महोत्सव मे विधायक ने खोड़हा के नृत्य मंडली के साथ हाथ जोड़कर पारम्परिक नृत्य किया और जतरा का भरपुर आनंद उठाया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक मंच के माध्यम से जतरा मे आये तमाम लोगो को सम्बोधन करते हुए कहा कि जतरा के साथ साथ परंपरा, रीति रिवाज सभी हमे हमारे पूर्वजो से मिला है जिससे हमारे पूर्वजों ने बचाकर एवं संयोग कर रखा। तब जाकर आज हम सब इस जतरा को मना रहे है। जिस तरह हमारे पूर्वज ने इसे बचाकर रखा उसी तरह आज के युवा पीढ़ी को भी इसे बचा के रखने की जरूरत है। ताकि आने वाले पीढ़ी को बता सके। विधायक ने यह भी कहा आज हमारे समाज के सभी लोगो को शिक्षित होने की जरूरत है। ताकि वे शिक्षित होकर एक बड़ा अधिकारी बन सके। और अपने परिवार के साथ साथ समाज को भी सुधारने का काम कर सके। मौके पर पार्टी कार्यकर्ता आशा रानी पन्ना, विरेंद्र उरांव, पार्टी पंचायत अध्यक्ष, जतरा आयोजनकर्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# तीन दिनो से लापता विकलांग युवक का शव कुआं से बरामद, क्षेत्र में छाया मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा थाना क्षेत्र के हनहट स्थित कुआं में लछु उरांव का 17 वर्षीय पुत्र का शव मिलने से क्षेत्र में शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार लछु उरांव का 17 वर्षीय विकलांग पुत्र पिछले 24 तारीख से ही लापता था। जिसके बाद सोमवार सुबह घर के बगल स्थित कुँवा में तैरता शव दिखाई दिया जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गयी। जिसके बाद थाना प्रसासन द्वारा शव को कुँवा से बाहर निकाला गया जिसकी पहचाना लछु उरांव के विकलांग पुत्र के रूप में किया गया। लछु उरांव विकलांग था और 24 तारिक से ही अपने घर से लापता था। कैरो थाना पूलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मौके पर थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव एवं कैरो थाना के सदल बल घटनास्थल पर उपस्थित थे।


# आग लगने से धान जल कर हुआ राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा धान गांज में आग लगने से धान जल कर हुआ राख किसान को हजारों का हुआ नुकसान। सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट ग्राम निवासी नन्दलाल साहु का एक ट्रक धान खलिहान में रखा हुआ था। जिसे धान गांज में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया। जिसे आग लगने से धान जल कर राख हो गया। वही नन्दलाल साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर परिवार के साथ गुमला जिला अन्तर्गत बिशुनपुर मेला गये हुए थे। लौट कर रात में सो गये जिसे की आग लगी घटना के बारे में सुबह पड़ोसियों से जानकारी मिला साथ ही कहा कि आर्थिक नुकसान पंहुचाने के उद्देश्य से आग लगी घटना को अंजाम दिया गया। आग लगने से तेज लपटें उठ रही थी। जिसे काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन गाड़ी द्वारा आग को बुझाया गया। वही आग लगी घटना से गरीब किसान को लगभग 50 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। साथ ही धान जल जाने से परिवार का पालन पोषण की चिंता गरीब किसान को हो रही है।

# तैयारी हुई पूरी, जलडेगा हाई स्कूल मैदान में लगा रास मेला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एस एस+2 हाई स्कूल मैदान में लगने वाली ऐतिहासिक राधा कृष्ण रास मेला आयोजन को लेकर सभी तैयारी पुरी कर ली गई । बंगाल की मिठाई दुकान, रंगमंच, छऊ नृत्य अखाड़ा, खिलौने के दुकान, खेल तमाशा मनोरंजन के संसाधन सजकर हुआ तैयार । मंगलवार रात्रि यानी 28 नवम्बर की रात्रि मेला का आयोजन हुआ । कोरोना काल के बाद लगने वाली रास मेला को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा गया । मेले में मौत कुंआ, बुगी बुगी, ब्रेक डांस, ड्रैगन झुला, इलेक्ट्रिक ट्रेन, जंपिंग, बच्चों का झूला और बंगाल के प्रसिद्ध छऊ नृत्य मुख्य आकर्षक का केंद्र रहा । दुसरी ओर मंच में सांस्कृतिक नागपुरी ठेट व आधुनिक गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कयुम अब्बास, सुहाना देवी, आरती देवी, सरिता बडाईक, नितेश कच्छप, अनिता देवी एवं डांसर के रूप में काब्या, नेहा, दिब्या और संगम शिरकत किए। स्थानीय पारम्पारिक जौदरा नृत्य, राटा नृत्य, पैंकी नृत्य, झुमर नृत्य का भी आयोजन हुआ।

# आग से जले हुए व्यक्ति की हुई मौत, झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष के पहल पर हुआ पोस्टमार्टम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा के बांसजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत तरगा पंचायत के कछुपानी गांव में बीते 15 नवंबर को नशे में धुत अल्बर्ट डुंगडुंग नामक व्यक्ति ने केरोसिन डालकर खुद को आग के हवाले कर लिया था जो की गंभीर रूप से जल गया था, गंभीर अवस्था में परिवार वाले से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया था जहां पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर किया था, लेकिन परिवार में उसकी पत्नी अकेली होने की वजह से उसे सिमडेगा सदर अस्पताल में ही इलाज कराया गया इधर इलाज के क्रम में मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का सदर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बढ़ाया, उन्होंने सदर अस्पताल के डॉक्टर से बात करते हुए तत्काल पोस्टमार्टम करने के को कहां जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ वही सन्देश के द्वारा कॉफिन बॉक्स सहित अन्य मदद करते हुए हर सम्भव मदद देने की बात कही। मौके पर उसकी पत्नी सहित अन्य मौजूद रहे ।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कर्रा प्रखंड के कुदलुम पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कर्रा प्रखंड के कुदलुम पंचायत निवासी बताते है कि आज आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें उन्हें बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का स्वीकृति पत्र मिला। उन्होंने सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया । इनमें पतरामुचिया ग्राम की श्वेता पूनम तिर्की, धनामुंजी ग्राम के लालु गोसाई, हारुप्पा ग्राम के सुनील हीरो, एराहातू ग्राम के महेंद्र बड़ाइक, ईठेटोली ग्राम के गोंदला हेरेंज, एराहातू ग्राम के रामदास होरो, ईठेटोली ग्राम के गांगी सांगा, एराहातू ग्राम के हानु बड़ाइक, दिगादोन के पतरस खलको, धनामुंजी ग्राम के सुमित गोसाई, चलडानहु ग्राम के बुधराम मिंज एवं मांदू उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मकसूद अंसारी केंद्रीय सदस्य सुशील पहन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत टोपनो प्रकाश नाग आदि लोग शामिल थे।

## देहरादून से आये नेवी के पूर्व कैप्टन सुनील बी तनेजा के द्वारा दी गई श्रद्धांजली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलज आंफ एजुकेशन के सचिव श्री इन्द्रजीत भारती के पिता श्री राजेंद्र भारती का स्वर्गवास दिनांक 27/11/2023 को हो गय। उनकी आत्मा की शांती के लिए देहरादुन से आये नेवी के पूर्व कैपटन सुनिल बी तनेजा एवं समस्त अविराम परिवार की ओर से दो मिनट का मौन एवं सभी के द्वारा श्रद्धांजली अर्पित की गई । कैप्टन सुनील बी तनेजा के द्वारा कहा गया की राजा भारती की दूरदर्शिता को लोग कायल हैं जिनका व्यक्तित्व बहुत कुछ सिखाता है और ऐसी शख्सियत का चले जाना समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है श्रद्धांजली देने वालो में नेवी के पूर्व कैप्टन सुनील बी तनेजा, सचिव अविराम, विरेन्द्र बाधवार, लक्ष्मण उरॉव, प्राचार्य डा0 प्रतिमा त्रिपाठी, पंकज कुमार भारती, आफताब, जंगबहादुर महतो, रेणुका, कुंदन एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# सभी वर्गों का विकास करना हमारा लक्ष्य : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज दिनांक 28 नवंबर दिन मंगलवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा लोहरदगा हजरत बाबा दुखनशाह मजार के सामने विधायक मद से निर्माण हेतु सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया एवं आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक मद से निर्माण हेतु लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर माननीय मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है की सभी वर्गों का विकास हो,प्राथमिकता को देखते हुए क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं फलस्वरूप विधायक मद से दो कमरों का शिलान्यास किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मेरे द्वारा एवं मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है इसके साथ साथ आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक निधि से पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जा रहा है जिससे स्थानीय विद्यार्थी पढ़ाई के माध्यम से अपना भविष्य उज्ज्वल कर सकेंगे और मेरे विधायक निधि से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विभिन्न पुस्तक भी प्रदान किया जाएगा ताकि शैक्षिक विकास के माध्यम से मानव संसाधन का विकास किया जा सके।माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की लाइब्रेरी भवन बनने से जिले के छात्र शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और जिले राज्य एवं देश का विकास करेंगे लाइब्रेरी के बनने से युवाओं को चीजों का सही ज्ञान हो सकेगा और प्रतियोगी परीक्षा में इसका लाभ भी मिलेगा, इससे पूर्व बलदेव साहू महाविद्यालय में भी लाइब्रेरी का निर्माण किया गया हमारा प्रयास है लोहरदगा जिले का चहोमुखी विकास हो। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी अफसर कुरैशी, हाजी अब्दुल जबरुल, विशाल डुंगडुंग, रौनक इकबाल, इम्तियाज अंसारी, अली हसन, फारूक अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## दो मोटरसाईकिल के टक्कर से चार युवक घायल, एक रिम्स रेफर

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के कराँजी गांव के खत्री खटंगा मोड़ के समीप मंगलवार की शाम लगभग 5~30 बजे दो मोटरसाइकिल के टक्कर से चार युवक घायल हो गये। दिघिया से बेड़ो की ओर आ रहे टीवीएस स्टार मोटरसाईकिल न0 जेएच01सीडी 8674 जिसमें आशिष उराँव 27 वर्ष, आर्यन उराँव 15 वर्ष, अमिश बड़ाईक वर्ष सवार थे, उसने बेड़ो से खटंगा मोड़ की ओर जा रहे मोटरसाईकिल सवार बबलु उर्फ जमील खान 37 वर्ष को चपेट में ले लिया। जिससे सभी मोटरसाईकिल सवार गिरकर घायल हो गये।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




चलते चलते एक नजर

## मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पलामू तैयार : राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का 30 नवंबर को पलामू में आगमन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के दौरे के बार में पलामू अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा यह पलामू के लिए सौभाग्य की बात है की मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पलामू आने वाले हैं। इनका आना दर्शाता है की पलामू पर सीएम का विशेष ध्यान है। मुखमंत्री 30 नवम्बर को डाल्टनगंज आएंगे और पलामू प्रमंडल के झामुमो पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय टाउन हॉल में बैठक करेंगे। साथ ही पार्टी के विकास यात्रा रथ का उद्घघाटन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। 5 दिसंबर से विकास रथ सभी विधानसभा में जाएगी। इस रथ के साथ सभी कार्यकर्ता भी दौरा करेंगे। इसकी शुरुवात डाल्टनगंज विधानसभा से होगी। पलामू में होने वाले बैठक में मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय भी उपस्थित होंगे। इस बैठक को ले कर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और सभी पूरे जोश के साथ उनके स्वागत में लगे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि गढ़वा, लातेहार सहित चतरा जिला के सभी जिला के पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी और सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं पंचायत के अध्यक्ष सचिव के साथ पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और महासचिव विनोद पांडेय पलामू की बैठक में भाग लेंगे। झामुमो पलामू मुख्यमंत्री के साथ साथ सभी जिले के पदाधिकारियों और नेताओं के स्वागत के लिए तैयार है। ज्ञात हो हेमंत सोरेन की महत्त्वाकांक्षी योजना ÷आपकी सरकार - आपके द्वार÷ कार्यक्रम अभी चल रही है, उसको ले कर भी जनता में काफी उत्साह है। 1 दिसंबर को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पुलिस लाइन में होगा इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हो कर जनता को लाभान्वित करेंगे।

## शोधार्थियों में उच्च शोध नैतिकता विकसित करना ही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य : डॉ. बटेश्वर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में मंगलवार को वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग एवं आइसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 10 दिवसीय शोध पद्धति कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। आठ दिसम्बर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों आइआइटी, आइआइएम, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के विषय विशेषज्ञ व्याख्यान द्वारा योगदान देंगे। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति एवं शोध के सन्दर्भ में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि शोध किसी भी उच्च संस्थान का रीढ़ होता है। इसीलिए नई शिक्षा नीति में उच्च संस्थानों में शोध पर अधिक जोर दिया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. बटेश्वर सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया।

# धर्म की रक्षा के लिए सभी सनातनियों को एक होने की जरूरत : देवकीनंदन ठाकुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सनातन की रक्षा के लिए सभी हिंदू एक हों। जाति के बंधन को तोड़ दें। सनातन की रक्षा आज नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी धिक्कारेगी।उक्त बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी गौशाला प्रांगण में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। कहा- वे दावे के साथ कह सकते हैं कि जिनके मां-बाप बच्चों को बचपन व जवानी में कथा सुनाते हैं, उनके बच्चे धर्मी होते हैं। कभी भी अधर्मी कार्य नहीं कर सकते। देवकीनंदन ठाकुर ने पंडाल में नवीं व दसवीं वर्ग के अंग्रेजी मीडियम स्कूल के बच्चों से गणित के सरल सवाल पूछे। नहीं बताए जाने पर देवकीनंदन ने अंग्रेजी मीडियम स्कूल की लताड़ लगाई।कहा की सनातन पर कुठाराघात किया जा रहा है। मंदिर, ब्राह्मण व गौ पर लक्ष्य किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सभी सनातनियों को अपने धर्म की रक्षा के लिए एक होने की जरूरत है। कहा- नकली हिंदू वह है जो नारायण को मानते हैं लेकिन नारायण की कही हुई बातें नहीं मानते। इस तरह के कालनेमि हिंदू से सनातन को अधिक खतरा है। श्रीमद् भागवत कथा की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि पराई स्त्री के साथ घूमने वाले पुरुष नर्क को प्राप्त होते हैं। नर्क में भारी कष्ट दिए जाते हैं। कहा कि जीवन नारायण के कानून से चलता है। नारायण के कानून को कोई नहीं बदल सकता। कहा कि चरित्रहीन नहीं, चरित्रवान बनें। भागवत कथा के माध्यम से देवकीनंदन ने कहा कि श्री कृष्ण भगवान का लोग मजाक उड़ाते हैं। कहते हैं 16108 युवतियों से शादी की हैं। लेकिन कोई जाना कि ऐसा क्यों हुआ। भोमासुर ने इतनी कन्याओं का हरण कर बंदी बनाया था। कृष्ण ने भोमासुर का वध किया। कन्याओं ने कृष्ण से कहा कि वह सभी घर कैसे जाएं। कौन उन्हें स्वीकार करेगा। ऐसे में उन सभी कन्याओं से श्री कृष्ण ने विवाह किया।





देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अर्जुन पांडेय,उषा पांडेय, विपिन, अभिषेक, डा. ऋचा, पुत्रवधू संजना पांडेय, परशुराम युवा वाहिनी के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समेत समिति के सभी सदस्यों ने बेहतर ढंग से भागवत पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन कराया व नारायण से साक्षात्कार कराने का अवसर पलामू प्रमंडल वासियों को दिलाया है। ये प्रमंडलवासियों को सच्चा सनातनी बनाने का बहुत बड़ा प्रयास किया है। गुरु पांडेय की बहू संजना पांडेय ने देवकीनंदन द्वारा सात दिनों तक पलामू प्रमंडलवासियों को कथा ज्ञान से लाभान्वित कराने पर आभार प्रकट किया। कहा कि वे सभी कथा में कही बातें अपने जीवन में उतारेंगे। साथ ही सनातन के विकास के लिए ऐसे मुहिम को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम का संचालन आशीष भारद्वाज ने किया।श्रीमद् भागवत कथा समाप्ति के पश्चात देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन यात्रा निकाली। सनातन यात्रा एक खुले कार में देवकीनंदन सवार हुए व यज्ञ परिसर का भ्रमण किया। सनातन यात्रा में उनके साथ बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। साथ ही सनातन को बचाने के लिए ओजपूर्ण नारे लगाए। इसके पूर्व देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि काशी लिया। रामजन्म भूमि लिया। मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण व जामा मस्जिद की सीढ़िया में दबे कृष्ण की विग्रह को निकालकर मंदिर में स्थापित करने के लिए उनका साथ दें।

## पश्चिम बंगाल विस के शीतकालीन सत्र के लिए सस्पेंड किए गए शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने घोषणा की कि शुभेंदु अधिकारी को सदन के नियमों और प्रोटोकॉल के अनुरूप अस्वीकार्य व्यवहार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

हंगामा तब शुरू हुआ जब विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भाजपा विधायक शंकर घोष के एक विशेष शब्द को सदन की कार्यवाही से दिनभर के लिए निकाल दिया। शुभेंदु अधिकारी ने शब्द को हटाने के फैसले का पुरजोर विरोध किया और सदन के पटल पर धरना देना शुरू कर दिया। अध्यक्ष ने शुभेंदु अधिकारी को चेतावनी देते हुए और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही से बचने के लिए सदन में अपने आचरण पर ध्यान देने के लिए कहते हुए सुना गया। इसके तुरंत बाद, तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने सत्र के लिए एलओपी को निलंबित करने की मांग करते हुए विधानसभा के पटल पर एक प्रस्ताव लाया।

## हरिहरगंज : आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** शहर के सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को शहर के वार्ड संख्या 4, 5, 6 के लिए आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा 15 स्टॉल लगाकर सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट दिया गया। 165 जरूरतमंदों के बीच ठंड को देखते कंबल वितरण किया गया। पेंशन, शहरी आवास , जन्म मृत्यु से संबंधित आवेदन लाभूको के द्वारा दिया गया है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के सभी वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि लाभूको का आवेदन लिया गया है एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है की जल्द से जल्द मामला का निष्पादन करे। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत के सभी कर्मी को ड्रेस कोड लागू किया गया है एवं सभी को ड्रेस में आने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में सीटी मैनेजर अजमल हुसैन, सामुदायिक संगठन करता विचित्रा कुमारी, सीएलटीसी संजय कुमार राणा, डॉ तोहिद अहमद, महिला प्रवेश की सुमित्रा कुमारी, सीएचओ सुशीला तिर्की,एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।



## सनातन ही सत्य है : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में लक्ष्मी नारायण यज्ञ चल रहा है। इस अवसर पर श्रीमद्भगवद् कथा हो रहा है। कथाकार श्री देवकी नंदन ठाकुर पधारे हुए हैं।उनके साथ यज्ञ स्थल का परिक्रमा कर दर्शन किए और मिट्टी से बना झारखंड सरकार का प्रतीक चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। इस अवसर पर माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही और साथ बैठ कर श्रीमद्भगवद् कथा का श्रवणपान किए। बैठे श्रोतागण से जो बातें हुई हमने कहा सनातन ही सत्य है किंतु मानवता इंसानियत जिंदा रहे इसके लिए आदमी आदमी के बीच भेद नहीं होना चाहिए तभी विश्व का कल्याण संभव है। राष्ट्र सर्वोपरि है इसकी एकता अखंडता अक्षुण बनी रहनी चाहिए हमेशा खयाल रखना होगा। भगवान राम हों या कृष्ण उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। धर्म जाति बंधन से ऊपर उठ कर सबों के लिए दरवाजे खुलने चाहिए। जय श्री राधे कृष्ण! जय सिया राम!

# पहले बाबूलाल मरांडी विस्थापित थे, अब बेरोजगार भी हैं : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले तो बाबूलाल विस्थापित थे लेकिन अब वे बेरोजगार भी हैं। जिस तरह से वे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सीनियर लीडर शिबू सोरेन के लिए भाषा का इस्तेमाल करते हैं, वह राजनीतिक समाज में प्रदूषण है। ऐसे लोग जब तक रहेंगे, प्रदूषण मुक्त होना कठिन है। उनका स्तर ऐसा हो गया है कि वे शव पर भी राजनीति करने लगे हैं।




भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन्होंने झारखंड स्थापना की नींव में चूना डालने का काम किया था। जब बाबूलाल मुख्यमंत्री थे तो तपकारा गोलीकांड हुआ था, वे पीड़ितों के परिजनों से मिलने गये थे क्या। नेतरहाट में गोलियां चलीं, लोग शहीद हुए लेकिन वे नहीं गये। पिछले दिनों पनौती को लेकर देशभर में चर्चा थी। इसी तरह झारखंड में अब चुनौती की बात होती है। हर अच्छे कामों में वे चूना लगाने की कोशिश करते हैं। यह चुनौती बाबूलाल हैं।

उन्होंने कहा कि कोरोना की तरह मलेरिया भी एक बड़ी आपदा है। इससे बचाव की विशेष व्यवस्था करनी होती है। सुंदरपहाड़ी के जिस बीहड़ एरिया में मलेरिया फैला, वहां आदिम जनजाति, माल पहाड़िया समाज के लोग रहते हैं। वे ऐसी ही जगहों पर वास भी करते हैं। ऐसे में उन्हें विस्थापित नहीं किया जा सकता। मलेरिया फैलने की खबर मिलते ही हमारे पार्टी के स्थानीय सांसद विजय हांसदा वहां पहुंचे।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप की व्यवस्था हुई। हालांकि, कुछ बच्चों की मौत भी हुई। भाजपा वाले वहां लाश पर राजनीति करने पहुंच गये। सबसे पहले गोड्डा सांसद पहुंच गये और मेडिकल कैंप में कहा कि इलाज की कोई सुविधा नहीं है। बाबूलाल मरांडी भी मोटरसाइकिल से वहां पहुंच गये जबकि एंबुलेंस वहां पहुंच गया था। प्रभावित परिवारों तक मुआवजा भी सरकार के स्तर से पहुंच गया। बाबूलाल ने अनर्गल आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री क्यों नहीं पहुंचे।

## डा. दिनेश शर्मा से मिला तिब्बत के सांसदों का प्रतिनिधिमण्डल

**लखनऊ :** तिब्बत की निर्वासित सरकार के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा संसद डा. दिनेश शर्मा से मंगलवार को उनके आवास पर भेंट कर तिब्बत के संघर्ष को उचित मंच पर उठाने का अनुरोध किया है। उनका कहना था कि वे समस्या का शान्तिपूर्ण समाधान चाहते हैं। डा. दिनेश शर्मा ने उनकी भावनाओं को उचित मंच तक पहुंचाने का भरोसा दिया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने बताया कि चीन की सरकार वहां के लोगों के साथ बुरा बर्ताव करती है। लाखों तिब्बती लोगों का वहां की सरकार नरसंहार कर चुकी है। चीन की सरकार ने सेना के बूते तिब्बत की पहचान को मिटाने व लोगों की सोच बदलने की भी भरपूर कोशिश की है। बच्चों को अपनी संस्कृति से दूर करने के लिए वहां पर डे स्कूल बन्द कर दिए गए हैं। बोर्डिंग स्कूल में अब चीन की भाषा में शिक्षा देकर तिब्बती संस्कृति और सभ्यता को मिटाने की साजिश की जा रही है।

# बिहार के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों व उर्दू स्कूलों में होगी शुक्रवार की छुट्टी

* विपक्षी दलों ने नीतीश कुमार सरकार की मंशा पर साधा निशाना



एजेंसी

**पटना :** शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए कैलेंडर को लेकर बिहार में बवाल मच गया है। इसमें मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों और उर्दू स्कूलों में शुक्रवार का अवकाश घोषित किया गया है। इतना ही नहीं जन्माष्टमी और रामनवमी जैसे त्योहारों का अवकाश भी रद्द कर दिया गया है। इस फैसले के बाद बीजेपी समेत विपक्षी दलों ने नीतीश कुमार सरकार की मंशा पर निशाना साधा है। बीजेपी नेताओं ने नीतीश सरकार पर बिहार को इस्लामिक स्टेट बनाने का आरोप लगाया है।

**शिक्षा विभाग ने क्या दिया आदेश:** बिहार के शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक उर्दू स्कूलों में शुक्रवार यानी जुमे के दिन अवकाश घोषित किया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि जिन इलाकों में मुस्लिम आबादी ज्यादा होगी वहां शुक्रवार को अवकाश रहेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से अधिसूचना भी जारी की गई है। इसके मुताबिक जिन जिलों में मुस्लिम आबादी ज्यादा है वहां डीएम की रजामंदी के बाद शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश किया जा सकेगा।

**ईद पर बढ़ाई छुट्टी:** शिक्षा विभाग की ओर से जारी कैलेंडर में ईद और बकरीद पर छुट्टी बढ़ा दी गई है। पहले इन पर सिर्फ दो दिन की छुट्टी होती थी लेकिन अब 3 दिन की छुट्टी कर दी गई है। इसके अलावा मुहर्रम पर दो दिन, शब-ए-बारात, चेहल्लुम, हजरत मोहम्मद साहब की जयंती पर एक-एक दिन की छुट्टी होगी। वहीं राखी, तीज, रामनवमी, महाशिवरात्रि, जीतिया और जन्माष्टमी की छुट्टी खत्म कर दी है।

**बीजेपी ने उठाया सवाल :** शिक्षा विभाग के फैसले के बाद बीजेपी ने भी इसे लेकर सवाल उठाए हैं। बीजेपी सांसद सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने हिंदू विरोधी चेहरा दिखाते हुए यह फैसला लिया है। इससे हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। हिंदू त्योहारों की छुट्टियों में चुनिंदा कटौती की गई है, जबकि मुस्लिम त्योहारों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं।

## राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में विजेता गोड्डा के खिलाड़ियों ने सीएम से की मुलाकात



* मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी, कहा - खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से 8 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता रही गोड्डा जिले के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि गुमला के घाघरा में आयोजित नेटबॉल की ट्रेडिशनल एवं फास्ट फाइव सब जूनियर चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में गोड्डा टीम ने खिताब जीता है। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

**पंचायतों में खेल मैदान किए जा रहे विकसित, खिलाड़ियों को मिल रहा खेल सामग्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में पंचायतों में खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं । सिदो-कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही है। यहां के नौजवान खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने के साथ अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए सरकार सभी सहयोग करेगी।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर गोड्डा जिला नेटबॉल टीम की कोच सुश्री मोनालिसा कुमारी, सचिव श्री गुंजन कुमार झा, अंपायर शिवराम कृष्ण देहरी, दुमका जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद हकीम और कुलदीप कुमार रवि मौजूद थे।

## राज्य सरकार की अकर्मण्यता पर भाजपा चुप नहीं बैठेगी : प्रदीप

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने मंगलवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया। वर्मा ने कहा कि झामुमो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की झारखंड की जनता से बढ़ते जुड़ाव, उनकी बढ़ती लोकप्रियता,संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से हताश निराश और घबराया हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने क्षेत्र के लिए एक जनप्रतिनिधि हैं, जहां की जनता ने उन्हें जनादेश देकर मुख्यमंत्री के काबिल बनाया और इस क्षेत्र में लोग उनकी सरकार की अकर्मण्यता से मरते रहेंगे, लाशें निकलती रहेंगी तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि का धर्म निभाया। जनता के बीच जाकर उनका दुःख दर्द बांटना एक राजनेता का धर्म है लेकिन झामुमो को यह लाश की राजनीति दिखाई पड़ता है।

एशियाई आर्म रेसलिंग कप 2023

# उज्बेकिस्तान में भारत ने 9 पदक जीते

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023, 17-25 नवंबर, समरकंद उज्बेकिस्तान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया के 12 एथलीटों ने अध्यक्ष और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति झंगियानी और महासचिव और कोच लक्ष्मण सिंह भंडारी के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस चैम्पियनशिप में बॉलीवुड अभिनेता और प्रो पांजा लीग के संस्थापक परवीन डबास को भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस मेगा चैंपियनशिप में भारत ने 3 स्वर्ण, 2 रजत, 4 कांस्य कुल 9 पदक जीते और पारा श्रेणी में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिल्ली के लक्ष्मण सिंह भंडारी ने ग्रैंड मास्टर 70 किग्रा में दाएं हाथ में स्वर्ण पदक और बाएं हाथ में रजत पदक जीता, वह पीएएफआई आर्मरेसलिंग कोच भी हैं और उनके अलावा कर्नाटक के श्रीनिवास गौड़ा (कप्तान) ने पैरा 90 किग्रा बाएं और दाएं हाथ में 2 स्वर्ण पदक जीते। , उत्तर प्रदेश के कृष्ण कुमार ने पारा 75+ किग्रा में रजत पदक जीता, छत्तीसगढ़ के श्रीमंत झा ने पारा 85+ किग्रा में कांस्य पदक जीता। मेघालय के ऐरिकमेनलांग शबोंग ने यूथ 50 किग्रा में कांस्य पदक जीता। मेघालय के सेनेबी सिंगकली ने सीनियर 55 किग्रा में कांस्य पदक जीता, मेघालय के वांडा सियेमियोंग ने सीनियर 60 किग्रा में कांस्य पदक जीता, असम के कराबी सोनोवाल, मेघालय के एलन मंगनियांग, उत्तर प्रदेश के प्रकाश सिंह जादोन, राजस्थान के पंकज शर्मा और मेघालय के किशोर छेत्री ने विरोधियों को बहुत अच्छी टक्कर दी लेकिन शीर्ष 3 में नहीं आ सके।पीएएफआई अध्यक्ष और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति झंगियानी ने कहा कि पीएएफआई इंडिया टीम की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं और यह हमारे अन्य भारतीय एथलीटों को आगे आने और अगली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि पीएएफआई कड़ी मेहनत कर रही है और हर अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में हमारे परिणाम बेहतर हो रहे हैं।महासचिव और कोच लक्ष्मण सिंह भंडारी ने कहा कि 12 एथलीटों में से 7 एथलीटों ने पदक जीते और 5 अन्य ने अपने विरोधियों को कड़ी टक्कर दी और यह हमारे लिए वास्तव में गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए एक शानदार अनुभव और सीख थी, जिससे हमें अपने खेल और परिणामों को बेहतर बनाने और अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में अधिक पदक जीतने में मदद मिलेगी।

